दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 12 | अंक : 311 | लखनऊ, 08 नवम्बर, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

दीपावली के पहले ही मंदिरों-भवनों को सजाया

देश के नामी मंदिर और प्रसिद्ध स्थान जगमगाए, फूलों में डूबे केदारनाथ

दीपावली का पर्व पूरे देश में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हिंदू सनातन परंपरा में इस दिन धन, वैभव और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष विधान है। देशभर में माता लक्ष्मी के पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है।

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दीपावली के पावन अवसर पर उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के मंदिर परिसर और गर्भगृह को करीब 18 से 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर को गेंदे और अन्य आकर्षक फूलों से सजाया गया है,और मंदिर के प्रवेश द्वार पर फूलों से 'जय श्री केदार' लिखा गया है। बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए 11 नवंबर को विधिविधान के साथ बंद किए जाएंगे। दिल्ली के बुराड़ी (हिरण की रोड) क्षेत्र में श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा केदारनाथ मंदिर का निर्माण प्रस्तावित/कार्यरत है, जिसकी प्रतिकृति तैयार की जा रही है।



केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया।



झुंझुनूं। फूलों से सजे खेतड़ी के प्रसिद्ध मंदिर खतरंगी रोशनी से जगमग हुए देवस्थान विभाग ने करवाई सजावट।

सलाखों के पीछे उम्मीदों की रोशनी

हाई सिक्योरिटी जेल में सीमित साधनों में बंदियों ने की सुंदर सजावट

अजमेर। अंधेरी तो देहरी पर है मगर उम्मीदों के दीये रोशन हैं, जिनके जीवन में सलाखों के पीछे अंधेरा है, वे भी रोशनी के सपने देखना नहीं भूले हैं। हाई सिक्योरिटी जेल, घूघरा, अजमेर में दीपावली के अवसर पर बंदियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से बड़ा संदेश दिया है। बंदियों ने सीमित संसाधनों के बीच कल्पनाशक्ति और हुनर से दीपावली की आकर्षक सजावट तैयार की है।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भवन में मनाई दिवाली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति भवन जाकर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात की और दिवाली की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश के जरिए देशवासियों को दिवाली की बधाई दी और कहा कि प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी देश के वीर जवानों के साथ दिवाली मनाने की बात कही है।



नई दिल्ली। दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए हुई एक मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

खबर संक्षेप

ऑपरेशन सफल तो चढ़ाया सोने का दिल

मेवाड़। दिल की बीमारी से जूझने और सफल ऑपरेशन के बाद जालौर जिले के एक श्रद्धालु ने मनोकामना पूरी होने पर भगवान सांवलिया सेठ को सोने से बना दिल भेंट किया। मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी मंदिर में इस अनोखी भेंट का वजन 21 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।



विवेकानंद की तस्वीर पर अभद्र भाषा, 2 सस्पेंड

कोलकाता। प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यूनिवर्सिटी ने दो छात्राओं को निष्कासित कर दिया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर वाले एक पोस्टर पर अपमानजनक बातें लिखीं और अन्य संगठनों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। यह फैसला एक जांच समिति की ओर से सीसीटीवी फुटेज पर लिया।



मंत्री आर्य के पति गिरधारी गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू साहू को उत्तराखंड एसआईटी और पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी यूपी के झांसी जिले से हुई है। 15 अक्टूबर को पत्नी रेखा आर्य ने एफआईआर दर्ज कराई थी। साहू पिछले कई दिनों से यहां छिपा हुआ था। उन्हें देहरादून लाया गया।



सूचना



सभी पाठकों एवं संवाददाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/11/2026 व 09/11/2026 को अमन लेखनी कार्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा अगला अंक 11/11/2026 को प्रकाशित किया जाएगा

सोनिया को भाजपा ने दी नसीहत, कई मामलों का जिक्र किया

इटैलियन चश्मा उतारकर देखिए भारत की तरक्की, 12 वर्षों में देश कहां से कहां पहुंचा

नवीन ने बटला हाउस मुठभेड़, सिख विरोधी दंगों और बोफोर्स मामले का जिक्र किया

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक/नई दिल्ली,

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के मोदी सरकार पर लोकतंत्र और संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के आरोपों के बाद भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पलटवार किया है। भाजपा ने उन्हें पिछले 12 वर्षों में देश की तरक्की देखने की नसीहत दी। साथ ही पार्टी ने सोनिया के इमरजेंसी को संविधानिक बताने वाले बयान पर भी सवाल उठाए। साथ ही बटला हाउस मुठभेड़, 1984 के सिख विरोधी दंगों और बोफोर्स मामले का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा। सोनिया ने अपनी आने वाली किताब 'रिलान्सिंगः अ जर्नी ऑफ लव' के विमोचन से पहले एक अखबार को साक्षात्कार दिया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में देश के लोकतंत्र, संस्थाओं और सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की व्यवस्था को गहरा नुकसान हुआ है। यहां तक कि मोदी सरकार के जाने के बाद भी देश की संस्थाओं और व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में समय लगेगा।



विदेश टूलकिट बनकर देश में अराजकता फैला रहे

नवीन ने राहुल पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी इस देश को अस्थिर करने के लिए, अराजकता पैदा करने के लिए, एक टूलकिट की तरह इस्तेमाल हो रहे हैं। रिजीम चेंज को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि राहुल गांधी के पास रिमोट बटन है। जब वो चाहेंगे तो 40 लाख लोग इस देश में अराजकता फैलाने के लिए तैयार खड़े हैं।

इमरजेंसी पर सोनिया गांधी ने क्या कहा, भाजपा को क्यों हुई आपत्ति?

सोनिया ने आपातकाल को संविधानिक प्रक्रिया के तहत उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक लगी थी और बंदी प्रत्यक्षीकरण का अधिकार भी निलंबित कर दिया गया था।

चुघ ने भी सोनिया पर किया पलटवार

देखिए, देश में आस्था की लहर दिखाई देगी



सोनिया के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने कहा कि सोनिया गांधी को 'इटैलियन चश्मा' उतारकर भारत की तरक्की देखनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। चुघ ने कहा कि अगर आप अपना इटैलियन चश्मा उतार देंगी तो आपको भारत की असली तस्वीर दिखाई देगी। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर के साथ आगे बढ़ता भारत नजर आएगा। देशभर में आस्था की नई लहर दिखाई दे रही है, लेकिन सोनिया इसे पचा नहीं पा रही हैं।

जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के जरिए देश को बांट रहीं

चुघ ने कहा कि सोनिया को अपनी किताब में कांग्रेस शासन के दौरान सामने आए कथित घोटालों का भी जिक्र करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास पर जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया।

चुघ ने मुद्दों की लगा दी झड़ी

चुघ ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान विभिन्न घोटालों पर सोनिया अपनी किताब में क्या लिखेंगी? बटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी के मारे जाने के बाद सोनिया के कथित तौर पर रोने को लेकर चुघ ने सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि ऐसा क्यों हुआ था? सैनिकों की शहादत पर सोनिया ने कोई बयान क्यों नहीं दिया?

भंडारी ने कहा

सोनिया केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहीं

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोनिया पर इमरजेंसी को सही ठहराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सोनिया इंदिरा गांधी को पीड़ित के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन उनका जनसंपर्क अभियान सच्चाई को नहीं छिपा सकता। भंडारी ने इमरजेंसी लगाने और 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा।



अभिषेक के घर पर हमले से भड़कीं ममता

हमारे ऊपर बुलडोजर चला दो भाजपा यहां कर रही 'गुंडागर्दी'

उपद्रवियों ने काली पूजा समारोह में भी भारी तोड़-फोड़ की



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेसकी प्रमुख ममता बेनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर 'गुंडागर्दी' का गंभीर आरोप लगाया है। ममता ने दावा किया कि शनिवार तड़के करीब 2:00 बजे कोलकाता के कालीघाट इलाके में ममता टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी के घर पर हमला करने के बाद उपद्रवियों के एक विरोह ने स्थानीय काली पूजा समारोह में भी भारी तोड़फोड़ और व्यवधान पैदा किया। काली पूजा और दिवाली के त्यौहार से ठीक पहले कालीघाट में हुई इस घटना के बाद बंगाल का राजनीतिक महौल गरमा गया है। ममता ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की एकजुटता से बौखलाई है और इसीलिए इस तरह के हथकंडे अपना रहा है।

ममता का पलटवार कार्यक्रम रद्द कर दिया

कालीघाट में ममता ने कहा, काली पूजा और दिवाली है। बीती रात 2:00 बजे अभिषेक के घर पर हमला किया क्या। यह हमारा इलाका है, जहां से मां काली के कई जुलूस निकलते हैं। आप वहां इस तरह का उपद्रव क्यों पैदा कर रहे हैं? आपने हमारी पारंपरिक और वर्षों पुरानी पूजा की अनुमति रद्द कर दी और उसकी जगह नई पूजा आयोजित करने की इजाजत दे दी। बीती रात हमारे स्थानीय क्लबों को काम नहीं करने दिया गया। हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं, और यही गुस्से की वजह है। अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह सीधे मुकाबला क लोग रात के 2:00 य 3:00 बजे आकर हमारे पार्टी दफ्तर और पूजा के कामों में खलल डालते हैं।

अभिषेक पर 6 महीने में 7 बार जानलेवा हमला

टीएमसी के सांसद कीर्ति आजाद ने गहरी चिंता जताते हुए दावा किया कि 56 महीनों के भीतर अभिषेक बेनर्जी पर यह 7वां जानलेवा हमला है। उन्होंने इस सिलसिले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं।कीर्ति ने बताया, शुक्रवार रात 2:00 बजे अभिषेक के जन्मदिन के मौके पर लाठी-डंडों और पत्थरों से लैस उपद्रवियों ने 30 से 45 मिनट तक उनके परिसर पर हमला किया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। छोटी दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया गया।

दोसांझ के 'पटियाला पैग' पर बैन

इंदौर कॉन्सर्ट में नहीं गा सकेंगे ये चार गाने, बच्चे शामिल होंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में 'पटियाला पैग' सहित 4 गानों पर रोक लगा दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शराब, नशे और हथियारों का जिक्र होने के कारण ये निर्देश जारी किए हैं, क्योंकि कॉन्सर्ट में बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा। इंदौर में 15 नवंबर को होने वाले दोसांझ के कॉन्सर्ट को लेकर नया विवाद सामने आया है। कार्यक्रम में दिलजीत 4 चर्चित गाने नहीं गा सकेंगे। विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सी 21 मॉल प्रबंधन को पत्र लिखकर इन गानों को कार्यक्रम में शामिल नहीं करने के निर्देश दिए हैं। इन गानों के बोल में शराब, नशे और हथियारों का जिक्र है। विभाग का कहना है कॉन्सर्ट में बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा ऐसे में इस तरह के गानों का उन पर गलत असर पड़ सकता है।



23 साल बाद 'जैनी प्रकरण' गरमाया

हरक पर लगाए गंभीर आरोप सीबीआई जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तराखंड की राजनीति का सबसे चर्चित और हाई-प्रोफाइल 'जैनी प्रकरण' करीब 23 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस मामले की मुख्य केंद्र रही जैनी (मूल नाम इंदिरा देवी/इंदिरा देवरी) ने देहरादून के उत्तरांचल प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके अपनी लंबी चुप्पी तोड़ी है।उन्होंने इस मामले में कई चौंकाने वाले बयान दिए हैं और उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत पर दोबारा गंभीर आरोप लगाए हैं। जैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुहार लगाई है कि उनके मामले की सीबीआई जांच दोबारा हो। जैनी ने कहा कि उनके 23 साल के बेटे को उसके पिता का नाम और उसका कानूनी हक मिलना चाहिए।



रेल मंत्री वैष्णव ने कही और सुधार की बात

जल्द दौड़ेंगी 1000 से ज्यादा ट्रेनें

त्योहारों पर यात्रियों को मिलेगी राहत अतिरिक्त ट्रेनें चलाईं, और चलाएंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

त्योहारों से पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में 'वॉर रूम' की तैयारियों और कामकाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हम सुधार करना जारी रखेंगे। वैष्णव ने बताया कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान प्रति वर्ष सबसे अधिक भीड़ होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने, सेवाओं में सुधार करने और यात्रियों को अधिक से अधिक सहूलियत देने के लिए लगातार काम कर रही है।

1,000 से अधिक अतिरिक्त नियमित ट्रेनें चलाएंगे



हम 1,000 से अधिक अतिरिक्त नियमित ट्रेनें चलाने वाले हैं। इस दौरान अत्यधिक दबाव, माल ढुलाई और क्षमता विस्तार की दीर्घकालिक परियोजनाओं पर कहा, 'अभी हम अत्यधिक दबाव (पीक कंजेशन) के दौर से गुजर रहे हैं। हमारी लगातार कोशिश क्षमता विस्तार पर केंद्रित है।

नई दिल्ली में यात्री सुविधाओं का जायजा लिया

वैष्णव ने शुक्रवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और दिवाली तथा छठ के त्योहारों के समय बढ़ने वाली भीड़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत भी की।

सरोजनीनगर में बुलेट चोरी : गोदाम के बाहर खड़ी बाइक पार, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने बीते दिनों गोदाम के सामने खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल पार कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सरोजनीनगर के आजाद नगर निवासी साहिद अली पुत्र जहांगीर अली के मुताबिक बीती 30 नवंबर को उन्होंने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल (नंबर यूपी-32 एनएच-7862) आजाद नगर स्थित अपने गोदाम के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह घर चले गए। अगले दिन सुबह जब वह गोदाम पहुंचे तो वहां से मोटरसाइकिल गायब मिली। काफी खोजबीन करने और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहार चोरों का सुराग लगा रही है।

कार सवारों ने युवक को पीटा, बीयर बोतल से सिर फोड़ा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में तीन माह पहले एक युवक को कार सवार लोगों ने रास्ते में रोककर उसे बेरहमी से पीटा और बीयर की बोतल से सिर पर हमला करने के साथ विरोध करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले को लेकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है सरोजनीनगर में बीमा अस्पताल के पीछे स्थित न्यू शक्तिपुरम निवासी शरद पांडेय के मुताबिक बीती 8 अगस्त को दोपहर करीब 2:45 बजे वह घर से विष्णुलोक कॉलोनी की ओर जा रहे थे। तभी यूपी-14 एचई-0614 नंबर की सफेद होंडा सिटी कार सवार गाजियाबाद के गोविंदपुरम निवासी डॉ. विक्रम सिंह और सरजीत कुमार ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने एमओयू में गवाह होने को लेकर दबाव बनाते हुए धमकाया और कुछ लोगों से वीडियो कॉल पर बात भी कराई। इसके बाद डॉ. विक्रम ने उन्हें गाड़ी से सटाकर लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया, जबकि सरजीत ने बीयर की बोतल से उनके सिर पर वार किया। बचाव के दौरान कार का दरवाजा हाथ पर बंद कर दिया, जिससे उनकी उंगली टूट गई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। बाद में वहाँ काम कर रहे मजदूरों को आता देख आरोपी कार से फरार हो गए। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस डॉ. विक्रम, सरजीत, शिवकुमार और उनके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

जमीन के नाम पर ठगी : रिटायर्ड फौजी से 35 लाख हड़पे, फायरिंग का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर रिटायर्ड सैन्य कर्मी से 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में मूल रूप से प्रतापगढ़ के भुवन का पुरवा, संग्रामगढ़ व वर्तमान में पीजीआई के एकता नगर, कल्ली पश्चिम निवासी रिटायर्ड सैन्य कर्मी रमेश कुमार यादव ने बिजनौर स्थित सरैयां के रामगोपाल, कृष्ण कुमार, महिला कमलेश यादव, अनिल यादव, सुमन लता, प्रीति, अनामिका, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, राजकमल, प्रमोद कुमार, जंग बहादुर, रफी मोहम्मद और मयूर गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रमेश यादव का आरोप है कि जमीन का बैनामा करने का भरोसा देकर आरोपियो ने 30 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए और जमीन पर विकास कार्य कराने के नाम पर पीड़ित से पांच लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करा दिए। इसके बावजूद न तो जमीन का बैनामा किया और न ही रकम वापस की। विरोध करने पर पीड़ित और उसके साले के साथ मारपीट, फायरिंग और परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गई। रमेश कुमार यादव का कहना है कि मकान बनाने के लिए चंद्रावल गांव स्थित गाटा संख्या 970 और 971 की जमीन खरीदना चाहते थे। उनके साले अश्विनी कुमार यादव ने उनकी मुलाकात जमीन के कथित मालिकों से कराई थी। 26 नवंबर 2024 को जमीन का नोटरी विक्रय अनुबंध होने के बाद उन्होंने आरोपियों के बताए खातों में चेक के माध्यम से 30 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद जमीन पर कब्जा मिलने पर साफ-सफाई, खुदाई, लेवलिंग, तार फेंसिंग और बाउंड्री निर्माण समेत अन्य कार्यों में करीब पांच लाख रुपये खर्च कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि बैनामा कराने के लिए कहने पर आरोपी करीब एक वर्ष तक बहाने बनाकर टालते रहे। बाद में पांच दिसंबर 2025 को रुपये वापस मांगने पर इनकार कर जान से मारने की धमकी दी गई।

इसके बाद आरोपी 22 मई 2026 को जमीन दूसरे व्यक्ति को बेचने के प्रयास कर रहे थे, तब विरोध करने पर रजिस्ट्री कार्यालय में आरोपियों ने पीड़ित और उसके साले के साथ मारपीट की। आरोप है कि 15 जून 2026 को जमीन पर बाउंड्री निर्माण का विरोध करने पर जंग बहादुर ने बंदूक से फायरिंग की। इसके बाद आरोपी उनकी ससुराल पहुंच गए और वहां परिजनों के साथ भी मारपीट व अभद्रता की। फिलहाल पीड़ित रिटायर्ड सैन्य कर्मी की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बंथरा में युवक का अपहरण : मां से मांगी 5 लाख की फिरौती, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों रमाडा होटल में स्टॉल लगाने गए युवक के लापता होने के बाद अब उसकी सकुशल रिहाई के लिए पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। बेटे के लापता होने और फिरौती की मांग से परेशान मां ने बंथरा पुलिस से शिकायत कर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। आशियाना के सेक्टर एन निवासी सोनिया त्रिपाठी के मुताबिक पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उनका बेटा रिषभ त्रिपाठी (28) बीती 30 अक्टूबर को रमाडा होटल में अपने कार्यालय के कर्मचारियों के साथ स्टॉल लगाने गया था। सोनिया का कहना है कि शाम करीब छह बजे उससे फोन पर बात हुई थी। इसके बाद रात 11 बजे फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी संपर्क नहीं हो सका। अगले दिन सहकर्मियों के माध्यम से जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद इस मामले में ऋषभ के साथी वरिष्ठ सहायक निदेशालय पशुपालन विभाग के कर्मचारी अतुल प्रकाश ने 31 अक्टूबर को बंथरा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोनिया के मुताबिक छह नवंबर को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई।

कॉल करने वाले ने पांच लाख रुपये देने पर बेटे को बताए गए लोकेशन पर छोड़ने की बात कही। यह बात सुनते ही पीड़िता के होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को देने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर बेटे को सकुशल बरामद करने की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर सर्विलांस सेल की मदद से पीड़ित युवक को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाने के लिए उनका पता लगा रही है।

पुष्पक विमान से उतरे प्रभु श्रीराम

- सीएम योगी ने माला पहनाकर किया स्वागत
- संतों संग मुख्यमंत्री ने खींचा रामरथ, पुष्पवर्षा और भजनों से राममय हुआ मैदान

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। सरयू तट के समीप पुष्पक विमान रूपी हेलीकाप्टर से प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप उतरे तो स्वागत के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ जोड़े खड़े थे। प्रभु श्रीराम के आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम को माला पहनाकर और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। आस्था का ऐसा ज्वार उमड़ा कि हर ओर रामभक्ति की लहर दिखाई देने लगी। हाथों में फूलए आंखों में श्रद्धा और होठों पर जय श्रीरामए सरयू तट का यह दृश्य मानो त्रेतायुग की स्मृतियों को सजीव कर रहा था।

दिव्यताए भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास से वातावरण अलौकिक हो उठा। प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप रथ पर विराजमान हुए तो रामभक्ति का अनुपम दृश्य सामने आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संतों के साथ आगे बढ़े और अपने हाथों से रामरथ खींचा। रथ आगे बढ़ा तो श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। आकाश से पुष्पवर्षा हुई तो फूलों से सजा रामरथ और उसके ऊपर बरसते पुष्पों ने वातावरण को और दिव्य बना दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियांए शंखनाद और जय श्रीराम के नारों से पूरा मैदान गुंजायमान रहा।

मुख्यमंत्री का संतों के साथ रामरथ खींचना प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण और सनातन परंपरा के प्रति श्रद्धा का भावपूर्ण प्रतीक बन गया। रामरथ के आगे बढ़ने के साथ ही रामकथा पार्क और आसपास का परिसर राममय हो उठा। भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं की आवाज एक साथ उठती तो जय श्रीराम का उद्घोष दूर तक सुनाई देता। आकाश से बरसते फूलए प्रभु के दर्शन को आतुर श्रद्धालु और रामभक्ति में डूबा वातावरण दीपोत्सव की दिव्यता को और बढ़ा रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहींए बल्कि आस्थाए परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उत्सव बन गया। रामरथ यात्रा के बाद प्रभु श्रीरामए माता सीताए लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप रामकथा पार्क पहुंचे और सुसज्जित मंच पर विराजमान हुए।



उप राष्ट्रपति ने किया भगवान श्रीराम का राजतिलक

अयोध्या में भव्य दीपोत्सव के अवसर पर उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णनए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम का राजतिलक किया और उनकी आरती उतारी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी भगवान श्रीराम का राजतिलक कर आरती की। लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस सभी अतिथियों ने भगवान श्रीरामए माता सीताए लक्ष्मण जी और हनुमान जी को उपहार भेंट कर अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। इसके पश्चात वहां उपस्थित अयोध्या के पूज्य साधु.संतों ने भी प्रभु श्रीराम का राजतिलक किया और आरती उतारकर अपनी श्रद्धा निवेदित की। संतों के पूजन.अर्चन के बाद मंच पर उपस्थित मंत्रीगणों ने भी भगवान श्रीराम का पूजन.अर्चन कर आरती की। जनप्रतिनिधियोंए संतों और श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने तथा प्रदेश एवं देश की सुख.समृद्धि, शांति की कामना की।

गोमा तट पर कल से सजेगा उत्तराखंड महोत्सव

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 को करेंगे चौदह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नौ नवंबर से शुरू हो रहे चौदह दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के पहले दिन उत्तराखंड स्थापना दिवस के 26 वर्षों के विकास यात्रा के उपलक्ष्य में वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई है, जबकि दस नवंबर को मातृ शक्ति के बीच रोचक लाइव खान पान प्रतियोगिता होगी, जिसमें महिलाएं अपनी पाक कला से मन मोहेंगी, स्वादिष्ट व्यंजन बनाएंगी एवं महोत्सव का परंपरागत उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा 11 नवंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर 17 नवम्बर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक जीवन, लोक संगीत और नृत्य परंपरा का जीवंत उत्सव है। प्रतिदिन उत्तराखण्ड से आये छोलिया दल अपने रंग बिरंगे परिधानों से सुसज्जित तथा विशेष वाद्य यंत्रो की प्रस्तुति से मुख्य अतिथि का स्वागत दर्शकों को मंत्र मुग्ध करेगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत ने बताया कि उत्तराखंड महापरिषद प्रत्येक वर्ष उत्तराखंड गौरव सम्मान से समाज के सम्मानित व्यक्ति को, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हों, उन्हें दिया जाता है। इस वर्ष यह गौरव सम्मान से लोकगायिका वीणा तिवारी एवं वैज्ञानिक डॉ वी पी डिमरी को नवाजा जायेगा। महोत्सव के दौरान उत्तराखंड दर्पण 2026 स्मारिका (विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत विशेषांक) का विमोचन भी मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा।



महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने बताया कि महापरिषद पिछले 78 वर्षों से उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण संवर्धन और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महापरिषद उत्तराखण्ड की संस्कृति और कला को संजोने के साथ-साथ उसे भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रही है तथा नए कलाकारों को स्थान देने के लिए भी महापरिषद ने कई प्रतियोगिताएँ शुरू की है। संयोजक दीवान सिंह अधिकारी ने बताया कि गोमती तट पर 14 दिवसीय महोत्सव आयोजन करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। महोत्सव में भारत के विभिन्न प्रांतो की हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित जैविक उत्पाद, हर्बल जूस, उत्तराखंड की मिठाई, नैनीताल की नमकीन, कश्मीरी शाल, कालीन, खान-पान के साथ करीब 150 स्टालों की प्रदर्शनी लगाई गयी है, सभी स्टाल बुक हो चुके हैं। स्टॉल सुबह 10:00 बजे से 10:00 बजे तक खुलेंगे।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह कनवाल ने बताया कि लखनऊ की सरजमीं पर यह महोत्सव शहर के बीच होने के कारण तथा विविध कार्यक्रम एवं अनेक प्रांतों के उत्पाद उपलब्ध होने के कारण विशेष स्थान रखता है। स्थानीय निवासी इस महोत्सव का वर्षभर इंतजार करते हैं। महोत्सव में साफ सफाई एवं सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। महोत्सव के दौरान मुख्य आकर्षण डांस उत्तराखंड डांस, प्रतिभाशाली टीमों के कलाकारों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकगीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियाँ तथा झोड़ा प्रतियोगिता- 500 से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी से, गोमा तट पारंपरिक झोड़ों से उत्तराखण्ड की लोक कला की प्रस्तुतियाँ होंगी। नाचेगा भारत - कलाकारों द्वारा भारत की विविधता की झलक - देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, संगीत और संस्कृति की अद्भुत सतरंगी छठा और वॉयस ऑफ उत्तराखंड -उत्तराखंड की आत्मा को छू लेने वाले लोकगीतों की लाइव प्रस्तुति - स्वर, साज और संगीतमय विरासत का अद्वितीय संगम बनेगा तथा पारंपरिक होली प्रतियोगिता भी होगी।

एक शाम-स्टार नाइट उत्तराखंड के प्रसिद्ध कलाकारों के संग - संगीत, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रम दर्शकों का मन मोहेंगे तथा कवि सम्मेलन, अन्य अनेक प्रतियोगियां होंगी। हर दिवस कार्यक्रम में गणमान्य लोग, सम्मनित केंद्रीय या राज्य सरकार के मंत्री, अधिकारीगण, वरिष्ठजन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि होंगे एवं समारोह की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ रीता बहुगुणा जोशी हैं।

महर्षि भारद्वाज आश्रम व श्रृंगवेरपुरधाम में बनाया जायेगा दीप स्तम्भः केशव मौर्य

- वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भव्य दोपोत्सव के लिए दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोक संस्कृति, कला, साहित्य, परम्पराओं तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं जनसामान्य को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को महर्षि भारद्वाज आश्रम, श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में भव्य रूप दोपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महर्षि भारद्वाज आश्रम, श्रृंगवेरपुर धाम के अलावा अन्य घाटों पर भी भव्य रूप से दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग के द्वारा श्रृंगवेरधाम में रामचरित मानस पर आधारित चित्र पाण्डुलिपि प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। साथ ही लोक कलाकारों के द्वारा दोनो स्थलों पर रामकथा पर आधारित रामायण का मंचन भी किया गया।



इस अवसर पर वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीपोत्सव कार्यक्रम प्रतिवर्ष और भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज महर्षि भरद्वाज आश्रम एवं श्रृंगवेरपुरधाम में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में सांस्कृतिक धरोहर की नई परम्परा की शुरूआत हुई है। कहा कि कोई भी तीर्थयात्री श्रृंगवेरपुर आयें, तो वह प्रयागराज जरूर आयें और यदि प्रयागराज आयें, तो श्रृंगवेरपुर जरूर जाये, इसके लिए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को इस सम्बंध में जनप्रतिनिधिगणों से समन्वय बनाते हुए कार्ययोजना बनाये जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि भारद्वाज आश्रम और श्रृंगवेरपुरधाम में दीप स्तम्भ बनाया जायेगा, इसके लिए उन्होंने सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया।

ईको गार्डन में दिवाली पर भी डटे रहेंगे अभ्यर्थी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा-2018 में आरक्षण विसंगति के समाधान और न्याय की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का अनवरत धरना-प्रदर्शन राजधानी लखनऊ के ईको गार्डन में जारी है। आंदोलन के 68वें दिन शनिवार को दिवाली के अवसर पर भी अभ्यर्थी धरना स्थल पर डटे रहे। लंबे समय से आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने इस बार दिवाली भी ईको गार्डन में ही मनाने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर न्यायोचित कार्यवाही नहीं होती, तब तक वे धरना स्थल से नहीं हटेंगे।

शुक्रवार को धनतेरस के दिन भी सैकड़ों अभ्यर्थी ईको गार्डन धरना स्थल के बाहर लगे फव्वारे के पास एकत्रित होकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते रहे। शनिवार को दिवाली के दिन भी आंदोलन जारी रखते हुए अभ्यर्थियों ने सरकार और संबंधित विभाग का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया।

अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग है कि 68,500 शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को नियमानुसार आरक्षण का लाभ देते हुए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेशों और संस्तुतियों के अनुरूप भर्ती परिणाम संशोधित किया जाए। इसके साथ ही दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रित अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार आरक्षण का लाभ देकर संशोधित परिणाम के आधार पर नियुक्ति प्रदान की जाए।

धरने का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह एवं आशुतोष वर्मा ने कहा कि पिछले 68 दिनों से सैकड़ों अभ्यर्थी अपने अधिकारों और न्याय की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। त्यौहार के अवसर पर जहां लोग अपने परिवारों के साथ खुशियां मना रहे हैं, वहीं आरक्षण विसंगति से प्रभावित अभ्यर्थी अपने भविष्य की चिंता में धरना देने को मजबूर हैं।

दीपावली पर 108 व 102 एम्बुलेंस 24 घंटे हाई अलर्ट पर



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दीपावली के जश्न के बीच किसी भी अप्रिय घटना या मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश में एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह मुस्तैद कर दी गई हैं। पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को फौरन जीवनरक्षक सहायता पहुंचाने के लिए 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाएं चौबीसों घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। सेवा प्रदाता संस्था ने प्रदेशभर में सभी गाड़ियों को सक्रिय रहने के सख्त निर्देश दिए हैं। एम्बुलेंस संचालन करने वाली संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि त्योहार पर 108 सेवा की सभी 2200 एम्बुलेंस 24 घंटे तैनात रहेंगी।

पुलिस और प्रशासन के सहयोग से इन गाड़ियों को संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले 'हॉटस्पॉट' इलाकों में खड़ा किया जाएगा, ताकि सूचना मिलते ही अमला कम से कम समय में पीड़ित तक पहुंच सके। सभी गाड़ियों में पर्याप्त जीवनरक्षक दवाएं और जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं।

जलने पर क्या करें, क्या न करें : त्योहार पर आतिशबाजी के दौरान जलने की घटनाओं से निपटने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने खास हिदायतें दी हैं। संस्था के ईएमएलसी हेड डॉ. दाउद हुसामी ने स्पष्ट किया है कि जले हुए अंग पर लगातार 15 मिनट तक सादा या नल का पानी डालें। बर्फ या आइस का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। घाव पर टूथपेस्ट, हल्दी, नमक, स्याही या अन्य घरेलू नुस्खे न लगाएं। जले हिस्से को न बांधें, बल्कि हिल्के कपड़े से ढककर तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं या 108 पर कॉल करें।

महिलाओं और बच्चों के लिए 102 सेवा भी चालू : त्योहारी सीजन में गर्भवती महिलाओं और दो साल तक के नौनिहालों के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा भी बिना किसी रुकावट के 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में इस श्रेणी की 2,270 एम्बुलेंस निःशुल्क चलाई जा रही हैं। सरकार की यह दोनों सेवाएं पूरी तरह से मुफ्त हैं।

पटाखों का शोर, जहरीला धुआं सेहत पर भारी

लखनऊ। रोशनी के पावन पर्व दिवाली पर आतिशबाजी का हुड़दंग शहरवासियों की सेहत पर भारी पड़ने लगा है। पटाखों के तेज शोर और उससे निकलने वाले जहरीले धुएं ने अस्पतालों की चिंता बढ़ा दी है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि यह प्रदूषण दिल, फेफड़ों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। लोहिया संस्थान के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि पटाखों के जलने से हवा में घुलने वाले सूक्ष्म कण पीएम 2.5 और पीएम 10 सीधे फेफड़ों में उतर जाते हैं। इससे गले में जलन, लगातार खांसी और सांस फूलने की शिकायत तेजी से बढ़ती है। उधर, लोहिया संस्थान के कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने आगाह किया है कि तेज धमाकों की आवाज से दिल के मरीजों की धड़कनें बिगड़ सकती हैं। केजीएमयू के क्वीनमेरी (स्त्री एवं प्रसूति रोग) विभाग की डॉ. सुजाता देव ने गर्भवती महिलाओं को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है।

हादसों से निपटने के लिए 100 से ज्यादा बेड आरक्षित

लखनऊ। दिवाली के त्योहार पर पटाखों से होने वाली संभावित अनहोनी और आपातकालीन हादसों से निपटने के लिए राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लोहिया संस्थान, बलरामपुर, सिविल और लोकबंधु समेत तमाम बड़े अस्पतालों में कुल मिलाकर करीब 100 बेड विशेष रूप से आरक्षित किए गए हैं। इमरजेंसी सेवाओं को 24 घंटे चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की रोस्टर वार तैनाती कर दी गई है।

पटाखे जलाते समय झुलसने, आंखों में चोट, गंभीर जख्म और सड़क हादसों के खतरे को देखते हुए अस्पतालों ने बहुआयामी तैयारियां की हैं। प्लास्टिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आथोर्पेडिक्स (हड्डी रोग), ईएनटी, नेत्र रोग और मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जानकीपुरम स्थित ट्रॉमा सेंटर को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में जरूरी दवाओं के साथ-साथ पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. बीकेएस चौहान ने बताया कि इमरजेंसी में 20 बेड आरक्षित



किए गए हैं। जनरल सर्जन, मेडिसिन, ईएनटी और नेत्र रोग विशेषज्ञों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। सिविल अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता के अनुसार 25 बेड रिजर्व रखे गए हैं। प्लास्टिक सर्जन और हड्डी रोग विशेषज्ञों को ऑन-कॉल अलर्ट पर रखा गया है ताकि गंभीर मरीजों के इलाज में कोई अड़चन न आए। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने जानकारी दी कि इमरजेंसी में 10 बेड आरक्षित हैं। कार्डियोलॉजी, सर्जरी, ईएनटी और गायनी समेत सभी प्रमुख विभागों के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को मुस्तैद किया गया है।

केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि 15 बेड आरक्षित किए गए हैं। प्लास्टिक और जनरल सर्जरी के डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। राम सागर मिश्र अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि 24 घंटे मुफ्त इलाज, दवाएं और जांच की सुविधा रहेगी। सांस की तकलीफों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गये हैं।

भाजपा ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली अंधकार का प्रतिकार कर प्रकाश के स्वागत का पर्व है। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर अमावस्या की रात्रि भी ज्योतिर्मय हुई और युगों-युगों के पश्चात आज भी दीपावली के दीप अपनी ज्योति से जन-जन को राम की भक्ति और सत्य व धर्म के संकल्प से सिद्धि का संदेश दे रहे हैं। आइए, हम सभी उत्साह एवं उमंग के साथ ऐसे दीप प्रज्ज्वलित करें, जो धर्म, सत्य, मर्यादा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रधर्म के प्रकाश से समाज को आलोकित करें। दीपावली का यह पावन पर्व सभी के जीवन को सुख, शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और ऐश्वर्य के पंचामृत से पूरित करे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दी दिवाली की बधाई

लखनऊ। ज्योति पर्व दीपावली के पावन पर्व पर कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना विधायक ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपों का यह महापर्व समाज से अंधकार, अज्ञान और आपसी मनमुटाव को दूर कर प्रकाश, ज्ञान और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि महालक्ष्मी की कृपा से हर परिवार में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली का वास हो तथा यह त्योहार सभी के जीवन में प्रगति के नए अवसर लेकर आए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दबकर युवक की मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह खेत से पयार लादकर घर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। हादसे के दौरान युवक ट्रैक्टर के स्टेयरिंग और सीट के बीछ फंसकर नीचे दब गया। उसके साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार दो भतीजों को हल्की चोटें आईं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

संक्षेप

घर से बाजार निकले युवक का पानी भरे नाले में मिला शव

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ ग्रामीण के मजरा पिपरी निवासी इंद्रभान पुत्र कल्लू 48 शुक्रवार की शाम कस्बा कुरसठ की बाजार साइकिल से गया था जहां उसने शराब पी जिससे वह नशे में पैदल ही घर के लिये चल दिया देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो घर से दो सौ मीटर दूर निकले गहा नाला के पास उसकी चप्पलें पड़ी दिखाई दी जिससे उसमें गिरने का अंदेशा हुआ ग्रामीणों ने पानी भरे नाले में कूदकर खोजबीन की तो शव नाले में मिल गया जिसे निकाल कर घर ले गये और शनिवार पुलिस को सूचना दिए बिना शव का नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया मृतक के दो पुत्र अंकुल और आनन्द है मृतक पांच भाइयों में तीसरे नम्बर का था मृतक की पत्नी सदाप्यारी व मां जयकोरी सहित सभी का रो रो कर बुरा हाल है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि कोई सूचना नहीं मिली है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक युवक गभींर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से निकल गया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नेपाल पुर गांव निवासी राम किशोर पुत्र राम दास 45 मियागंज कस्बा आया था जहां से वह वापस घर लौट रहा था इसी बीच आवागोझा गांव के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से युवक को इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पिकअप लोडर ने बाइक सवार को मारी टक्कर दो घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज संडीला मार्ग पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद निवासी दिलीप 20 पुत्र लक्ष्मन अपने साथी शालू 18 पुत्र राधेश्याम के साथ बाइक से पीपल पौशाला चौराहा गया था तभी तेज रफ्तार पिकअप लोडर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

डीएसी नंबर के इंतजार में अटकी गैस की डिलीवरी, उपभोक्ताओं में बढ़ता आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस उपभोक्ताओं को इन दिनों गैस बुकिंग और सिलेंडर की डिलीवरी को लेकर तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय से सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी समस्या डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) नंबर नहीं आने की बताई जा रही है। डीएसी नंबर प्राप्त न होने के कारण गैस की डिलीवरी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है, जिससे उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के बाद निर्धारित समय पर डिलीवरी हो जाती थी, लेकिन अब बुकिंग कराने के बावजूद कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। मोबाइल पर डीएसी नंबर का संदेश नहीं आने से सिलेंडर की डिलीवरी में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं, जिन उपभोक्ताओं के घरों में गैस समाप्त हो चुकी है, उन्हें रोजमर्रा के भोजन की व्यवस्था करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के मुताबिक, गैस बुकिंग कराने के बाद उन्हें उम्मीद रहती है कि जल्द ही सिलेंडर घर पहुंच जाएगा, लेकिन डीएसी नंबर नहीं आने के कारण डिलीवरी नहीं हो पाती। कई बार उपभोक्ता गैस एजेंसी से संपर्क करते हैं तो उन्हें इंतजार करने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

समय से रसोई गैस उपलब्ध न होने का सबसे अधिक असर घरों की रसोई पर पड़ रहा है। खासकर उन परिवारों को ज्यादा परेशानी हो रही है, जिनके पास वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्था नहीं है। गृहस्थी चलाने वाले परिवारों का कहना है कि रसोई गैस आज हर घर की बुनियादी जरूरत बन चुकी है। ऐसे में बुकिंग के बाद भी समय से सिलेंडर न मिलना चिंता का विषय है। गैस उपभोक्ताओं ने संबंधित गैस एजेंसियों और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि डीएसी नंबर जारी होने में आ रही समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। साथ ही बुकिंग और डिलीवरी व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए और बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को यह जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए कि उनका सिलेंडर कब तक घर पहुंचेगा।

एडीएम व एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव और उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने जनसुनवाई की अध्यक्षता की।

तहसील दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, जल निगम, पूर्ति विभाग से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं। फरियादियों ने जमीन पैमाइश, वरासत, चकबंदी, पेंशन, आवास और पुलिस मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपे। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनका पंजीकरण कराया।

अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए और मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराया जाए। सहायक पुलिस अधीक्षक दीपक यादव ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, वहीं उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने राजस्व मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सफाई नायकों को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने उपहार भेंट कर किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। दीपावली के पावन पर्व पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई नायकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी सफाई कर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। त्योहारों पर भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए वे नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखते हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से ही नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल पाता है। सौरभ बाजपेई ने कहा कि सफाई कर्मियों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सफाई कर्मियों ने भी राजा बेटा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लिपिक होरीलाल सहित नगर पंचायत कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील सभागार में डीएम व एसपी की मौजूदगी में सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

क्षेत्र के लउवा सिंहनखेड़ा गांव निवासी जनक दुलारी ने बताया कि 12 जून 2023 को उनके पति की मृत्यु हो गई थी। वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद लेखपाल की लापरवाही के चलते अब तक वरासत दर्ज नहीं हो सकी है। वहीं, कसरौर गांव निवासी प्रेमशंकर ने बताया कि गांव में करीब 20 सरकारी हैंडपंप लगे हैं, जिनमें से 18 खराब पड़े हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। मुरैता नवीन गांव निवासी सुनीता ने बताया कि उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना के तहत आवेदन किया था, लेकिन उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया, जिससे वह परेशान हैं।

समाधान दिवस के दौरान यूपीनेडा की ओर से आन्या वेंचर्स सोलर पावर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार और जानकारी देने के लिए कैंप लगाया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग और महिला सशक्तिकरण विभाग की ओर से भी कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

दीपावली की खुशियां मातम में बदलीं, ट्रेन से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपावली पर्व पर परिवार के साथ खुशियां मनाने घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बीरेंद्र पाल (32) पुत्र देशराज पाल निवासी ग्राम मरौंदा सूचित, थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव के रूप में हुई है। वह लुधियाना की एक कंपनी में काम करते थे और दीपावली मनाने के लिए ट्रेन से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान ललितपुर के पास किसी कारणवश वह ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पिता देशराज पाल ने बताया कि बीरेंद्र दो बेटों में बड़े थे। उनकी शादी हुई थी, लेकिन पारिवारिक कारणों के चलते पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। हादसे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शनिवार तक शव गांव पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। उधर, शव लेने के लिए गांव से परिजन ललितपुर थाने पहुंच रहे हैं। बेटे की मौत से पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में दीपावली की खुशियां मनाने की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

18 लाख की सड़क निर्माण की खुली पोल, ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में मुर्तजानगर से सराय कटियान तक पुरवा ब्रांच शारदा नहर की पटरी पर हुए सड़क नवीनीकरण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सड़क निर्माण के तीसरे दिन ही जगह-जगह से डामर उखड़ने और सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद विभागीय अधिकारियों के दावों पर सवाल उठने लगे हैं। पहले नहर विभाग के अधिकारियों ने इसे गड्ढा मुक्ति का कार्य बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने ऑनलाइन निविदा सूचना निकालकर कार्य की वास्तविक स्थिति सामने रख दी। जबकि ग्रामीणों के मुताबिक, निविदा में पुरवा ब्रांच नहर पटरी के 11.605 किलोमीटर से 12.805 किलोमीटर तक कुल 1200 मीटर सड़क के नवीनीकरण का कार्य दर्ज है। इसके लिए करीब 18 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई थी। कार्य को एक माह के भीतर पूरा किया जाना था। आरोप है कि ठेकेदार ने पुरानी सड़क को उखाड़कर निर्माण कराने के बजाय उसके ऊपर ही मामूली गिट्टी डालकर जल्दबाजी में डामरीकरण करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक सप्ताह के भीतर ही उबड़-खाबड़ सड़क बनाकर काम पूरा दिखा दिया गया। निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क उखड़ने लगी तो ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला तूल पकड़ने के बाद विभाग ने रातोंरात आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पैचवर्क कराकर खामियों को छिपाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पैचवर्क भी टिक नहीं सका और सड़क की हालत फिर खराब होने लगी। अब ग्रामीण निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। कुछ लोगों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है, जबकि अन्य ग्रामीण मुख्यमंत्री दरबार में शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

फाइनेंसर ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के शक्तिनगर में शनिवार सुबह 37 वर्षीय फाइनेंसर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव मकान की दूसरी मंजिल के कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक दीपचंद्र पुत्र हरिश्चंद्र शुक्लागंज स्थित श्री मोटर्स में फाइनेंसर का काम करते थे। शनिवार सुबह करीब 6 बजे वह कमरे में गए थे। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजन कमरे में पहुंचे, तो उनका शव फंदे से लटका मिला।

दीपचंद्र की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी। उनकी 6 साल की बेटी अंजलि है। घटना के बाद घर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई।

चर्चा है कि वह कुछ समय से कर्ज को लेकर परेशान थे, हालांकि आत्महत्या की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बालूघाट चौकी इंचार्ज अरुण ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पटाखा बाजार में छापा, मानक से ज्यादा बारूद मिलने पर तीन दुकानें सील

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपावली से पहले पटाखा बाजार में सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। शुक्रवार रात अब्बासपुर पटाखा बाजार में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच में निर्धारित क्षमता से अधिक बारूद और विस्फोटक सामग्री मिलने पर तीन दुकानों को सील कर दिया गया। कार्रवाई की सूचना पर कई दुकानदार दुकानें बंद कर मौके से चले गए। शुक्रवार देर शाम एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, सीओ सिटी विनी सिंह और सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ बाजार पहुंचे। टीम ने दुकानों में रखे पटाखों, बारूद की मात्रा और सुरक्षा इंतजामों की जांच की। मानकों से अधिक सामग्री मिलने पर स्टार फायर वर्क्स, राजपूत फायर वर्क्स और बालाजी फायर वर्क्स को सील करा दिया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों से फायर सिलेंडर चलवाकर उनकी कार्यक्षमता भी परखी और सभी को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने बताया कि जांच में मिली खामियों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि त्योहार के दौरान जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरती जा रही है।

माता रानी के जागरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। विकासखंड के गांव गदोरवा में स्थापित आर्चाय देबी दयाल द्विवेदी की स्थापित प्रतिमा की स्मृति में शुक्रवार की रात दुर्गा जागरण का आयोजन जागरण पार्टी के कलाकारो द्वारा एक के बाद एक भक्तिगीतो के साथ झांकियां भी दिखाई गयी।

आर्चाय देबी दयाल द्विवेदी के पुत्र नवीन व बहू सुनीता ने पूजा अर्चना करके मंत्रोचारण के बीच दीप प्रज्वलित करके मां के कार्यक्रम की शुरूआत हुई। शुरूआत

गणेश वंदना की शुरूआत शानू तिवारी ने की। कल्पना द्विवेदी ने तेरा दर तो हकीकत है , प्रखर शुक्ला ने गाया कि मैने मोहन को बुलाया वो आता होगा। शालू शर्मा ने गाया कैला मैया के भवन के साथ साथ ही बच्चे कान्हा ने जैसे ही गाया तीन बाण के धारी बाण चलाने न जैसे गाया वैसे ही जमा भीड ने जम कर ताली बजाई। ,झाकियों में गणेश जी ,हनुमान जी राधे कृष्ण ,शंकर ,पार्वती ,फूलों की होली आदि को प्रस्तुत किया गया। साथ ही म्यूजिक शियन कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अपराजिता उर्फ ममता व भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी , सपा नेता सी एल यादव , नरेंद्र लोधी , अमित त्रिवेदी , संजय त्रिपाठी , योगेश पाण्डेय , दीपेन्द्र तिवारी , श्यामू अवस्थी , प्रफुल्ल पटेल , कोतवाली प्रभारी भवन मौर्य , संतोष नन्दन शुक्ला , सुरेंद्र पटेल ने माई के दरवार में पहुचकर माथा टेका । समेत करीब एक हजार लोगो ने प्रसाद खाया । कार्यक्रम की आयोजक श्याम सुंदरी द्विवेदी व अभय , आशीष , आर्यन ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा आए हुए लोगों का आभार जताया।

ग्रीन दिवाली विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 'हरित एवं सुरक्षित दीपावली' ग्रीन दिवाली विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित के निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए ग्रामीणों व अभिभावकों को प्रदूषण मुक्त पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों ने पर्यावरण-अनुकूल रंगों और वानस्पतिक सामग्री का उपयोग कर सुंदर कलाकृतियां बनाईं इसके उपरांत विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रपटाखों को कहें ना, प्रकृति को कहें हांर और रदीप जलाएं, खुशियां फैलाएं, प्रदूषण नहींर जैसे संदेश तैयार किए। इस मौके पर सहायक शिक्षक मुकेश सचान, आरती यादव, गोपाल सिंह, विनय शंकर शर्मा और उषा देवी, सरोज तिवारी, रीता देवी, प्रकाशा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दो बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हुआ धमाका दोनो घायल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान अजगैन मार्ग फरहदपुर पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक पर ज्वलनशील पदार्थ होने से धमाका हो गया। जिससे धुआ का गुब्बार उठने लगा। एक बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पहुंची डायल 112 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर हालत गंभीर देखते हुए दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मौलवी खेड़ा निवाशी करन 22 वर्ष पुत्र बच्चू रोड बनाने का काम करता है। त्यौहार की वजह से जल्दी काम बंद कर अपने रोलर चालक साथी असोहा थाना क्षेत्र के ऊँच गांव किला निवाशी मनोज पुत्र बुद्धन के साथ बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था तभी फरहदपुर पुलिया के पास मोहान की तरफ से आ रही बाइक से आमने सामने भिड़ंत के बाद धमाका हो गया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पाकर मौके पर एसडीएम शालिनी तोमर व सी ओ तेगबहादुर सिंह ने पहुंचकर घटना स्थल का निरक्षण किया। वही डॉक्टर के मुताबिक अधिक झुलसने की वजह से शरीर से ऊपरी सतह छूट गई है। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हुई है जिसमें धमाके के बाद गंभीर रूप से घायलों को हसनगंज सीएच सी पहुंचाया गया है जहां हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

दीपावली पर सीएचओ के घर नहीं पहुंची वेतन की मिठास स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद उन्नाव में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सी एच ओ का वेतन दीपावली से पहले जारी नहीं होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। जबकि 28 तारीख को ही वेतन भुगतान के संबंध में पत्र जारी हो चुका था, इसके बावजूद सी एच ओ के खातों में वेतन नहीं पहुंचा। हैरानी की बात यह है कि उन्नाव स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी कर्मचारियों का वेतन जारी हो चुका है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को अब तक वेतन से वंचित रखा गया है। इससे सी एच ओ के सामने दीपावली का त्योहार आर्थिक परेशानी के बीच मनाने की स्थिति उत्पन्न हो गई। कर्मचारियों का आरोप है कि इस संबंध में सी एम ओ कार्यालय में लगातार अपनी समस्या रखी जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं एम डी एन एच एम पिंकी जौवेल के नाम से जारी पत्र के बावजूद वेतन भुगतान में देरी समझ से परे है। सवाल यह है कि जब विभाग के अन्य कर्मचारियों का वेतन जारी हो सकता है, तो केवल सी एच ओ का वेतन क्यों रोका गया? सीएचओ ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द वेतन जारी कराने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर जवाबदेही तय करने की मांग की है।

सम्पादकीय

पर्यावरण के प्रति निभानी होगी जिम्मेदारी भी



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

हवा में घुलता जहर अब किसी एक शहर, राज्य या वर्ग की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि इससे पूरा देश त्रस्त है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब के कई शहर तो गैस के चैंबर बन चुके हैं। यहां लोगों का सांस लेना भी दुभर हो रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर भयावह स्थिति में पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है कि सरकार और अदालतें जितने अधिक आदेश और पाबंदियां लगाएंगी, उनके उल्लंघन की आशंका भी उतनी ही बढ़ेगी। सवाल वाजिब है कि क्या केवल सख्त नियम बनाकर स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है? निश्चित रूप से नहीं। इसके लिए सरकारी इच्छाशक्ति के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी और व्यवहार में बदलाव भी जरूरी है। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी हम साफ हवा में सांस ले पाएंगे। प्रदूषण की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 तक पहुंच गया, जबकि कई निगरानी केंद्रों पर यह 400 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान में भी यह 400 के करीब रहा। इन आंकड़ों के बीच यह समझना जरूरी है कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रैप-3 लागू होने के बावजूद यदि हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा तो व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार ठहराने की प्रवृत्ति पर सवाल उठाया है। पांच नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी महज 14 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि शेष प्रदूषण के लिए वाहन, उद्योग, निर्माण गतिविधियां, सड़क की धूल, ऊर्जा उत्पादन और कचरा जलाने जैसे स्रोत भी जिम्मेदार हैं। महंगी और बड़ी गाड़ियों से निकलने वाला धुआं हो या निर्माण स्थलों पर उड़ती धूल, इन पर प्रभावी नियंत्रण के बिना प्रदूषण से लड़ाई अधूरी रहेगी। अदालत की यह चिंता भी गंभीर है कि प्रदूषण का सबसे अधिक नुकसान गरीब और कमजोर वर्ग को उठाना पड़ता है। जिनके पास महंगे एयर प्यूरीफायर, बेहतर आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, उन्हें जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। असल जरूरत प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय सालभर की प्राथमिकता बनाने की है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों के उत्सर्जन की नियमित निगरानी, निर्माण स्थलों को ढकना, सड़कों की नियमित सफाई और कचरा जलाने पर प्रभावी रोक जैसे उपाय निरंतर लागू करने होंगे। साथ ही नागरिकों को भी निजी वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल छोड़ने, कचरा नहीं जलाने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने की जरूरत है। अदालतें दिशा दे सकती हैं, सरकारें नियम बना सकती हैं और प्रशासन कार्रवाई कर सकता है, लेकिन स्वच्छ हवा का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा। पर्यावरण संरक्षण किसी एक विभाग या अदालत का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आखिर सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा किसी की सुविधा नहीं, हर नागरिक का अधिकार है। इसे बचाने के लिए जिम्मेदारी भी सबको निभानी होगी।

भीषण प्रदूषण की मार से कराहते लोग

> आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

आज प्रदूषण एक भयावह समस्या का रूप ले चुका है। सरकार दावे भले कितने ही करे, असलियत तो यह है कि इस बाबत सारे सरकारी प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। जहां तक मुझे याद आता है आज से तकरीब चौदह-पंद्रह साल पहले की बात है, एक अमेरिकी पत्रकार ने अपने विदाई संदेश में लिखा था कि - 'वह दिल्ली इसलिए छोड़कर जा रहा है कि अमेरिकी दूतावास में प्रदूषण जांचने वाली मशीन बता रही है कि यहां उसके बच्चे की सेहत को खतरा है।' उस वक्त यह कहा गया था कि अमेरिकी दूतावास समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। कुछ समय बाद जब दिल्ली में सरकारी प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए गए, तब उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि समस्या वाकई गंभीर है। उस समय कहा गया था कि यहां की आबोहवा में हद से भी अधिक पीएम 2.5 की मौजूदगी से न सिर्फ बच्चे समय पूर्व अस्थमा के शिकार हो सकते हैं, बल्कि गर्भवती महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे सकती हैं,जो तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ कम वजन के शिकार होंगे।

पीएम 2.5 के ऐसे सूक्ष्म कण तो बुजुर्गों के लिए बेहद घातक हो सकते हैं। असलियत में तकरीबन 14-15 साल बाद आज देश की राजधानी के हालात वास्तव में न सिर्फ उससे भी ज्यादा खराब हैं बल्कि बेहद भयावह हैं। हालात की गंभीरता का सबूत यह है कि पिछले कुछ सालों से डॉक्टर दिल्ली के लोगों को सर्दियों के इन महीनों में बाहर पहाड़ी इलाकों में जाने की सलाह देते हैं ताकि वहां की जहरीली हवा से उनकी जान बच सके। आने वाले दिनों में हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार हैं। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता। सीपीसीबी इसको पुष्टि करता है। जबकि केन्द्र सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम, एनसीएपी लागू किया था जिसमें अभी तक मामूली सफलता ही हाथ लगी है। राज्य और नगर निगम एनसीएपी के तहत मिले फंड का 70 फीसदी हिस्सा ही खर्च कर पाये हैं। उसमे भी सरकार ने बजटीय आवंटन का अधिकांश हिस्सा स्थायी सुधारों जैसे सार्वजनिक परिवहन के बजाय केवल सड़कों पर पानी छिड़कने व मैकेनाइज्ड स्वीपिंग जैसी तात्कालिक गतिविधियों पर ही खर्च किया है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदूषण पर वार के लिए 'वार रूम' तैयार है जिसके तहत प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाएगी और प्रदूषण को रियल टाइम मॉनीटरिंग और उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि हकीकत में अभी तक कहीं-कहीं न तो वायु गुणवत्ता मापक यंत्र ही लग पाये है और न ही वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ही लगे हैं। उस स्थिति में जबकि सर्दियां आते ही उत्तर भारत में हवा खराब होने लगती है। गिरता तापमान और रुकी हुई हवायें जहरीले धुंए को जमीन के पास रोक लेती हैं जिससे दिल्ली और आसपास के मैदानी इलाकों में एक दम घोंटने वाली धुंध छा जाती है। इससे लोग परेशान होते हैं और उनके लिए सांस लेना भी दूभर हो जाता है। फिर इसमें बीते 25 सालों में दिल्ली में हुए बेतरतीब विकास ने पारिस्थितिकी को बड़ी क्षति पहुंचायी है, जिसकी कीमत प्रदूषण के रूप में जनता को चुकानी पड़ रही है। नतीजतन प्रदूषण से दिल्ली हांफ रही है। हकीकत में देश की राजधानी दिल्ली का बेतरतीब



फैल रहे भारत के शहरों में पांचवां स्थान है जिसका अहम कारण कमजोर योजना, बिखरा प्रशासन, असमान सेवाओं के चलते उत्पादकता और जीवन गुणवत्ता का बुरी तरह प्रभावित होना है। यहां पिछले 15 सालों में आबादी 37.5 फीसदी की दर से बढ़कर 2.30 करोड़ के पास पहुंच गई है लेकिन आबादी के हिसाब से वहां सुविधायें आज भी अधूरी हैं। आंकड़े इसके जीते-जागते सबूत हैं। शोधों के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है, नतीजतन कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे उनका कद भी घट रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ रहा है। यही नहीं, वायु प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों, उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, सीखने की क्षमता और एकाग्रता पर भी असर डाल रहा है। बिगड़ती हवा से बच्चों में सांस की बीमारी 30 साल पहले की तुलना में 47 फीसदी बढ़ गयी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण यानी पीएम 2.5 कम उम्र में ही आंखों में मोतियाबिन्द और ग्लूकोमा यानी काला मोतिया का कारण बन रहा है। सबसे दुखदायी तो यह है कि वायु प्रदूषण के संपर्क से आत्महत्या या आत्मघाती विचारों का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से इंसानी फेफड़े बंदम हो रहे हैं। वह हमारे दिमाग की धार को कुंद कर रहा है। जहां तक दिल्ली वालों का सवाल है, उनके तो फेफड़े काले हो रहे हैं। और तो और यह रक्त वाहिकाओं पर भी असर डाल रहा है। यह दिल के मर्ज को जानलेवा बना रहा है। यह दिल के लिए मधुमेह और कोलेस्ट्रोल से भी घातक साबित हो रहा है। अब इसका असर हृदय, फेफड़ों, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र, मस्तिष्क से जुड़े रोगों को ही प्रभावित नहीं कर रहा, हड्डियों, श्वसन व प्रजनन तंत्र से भी काफी आगे बढ़ गया है। यह शरीर के हरेक अंग को प्रभावित कर रहा है। यह कैंसर और मैटाबोलिक विकार को भी पार कर गया है। इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। वही नहीं, उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्व बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर भी बुरा असर डाल रहे हैं। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। वायु प्रदूषण अब कम उम्र में आंखों की रोशनी छीन रहा है। यातायात सम्बंधी प्रदूषण इन समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाह रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार पीएम कण इतने सूक्ष्म हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क में पहुंच कर दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा कर रहे हैं।

सबसे दुखदायी स्थिति यह है कि 15 साल से कम उम्र के 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं। हकीकत है कि वायु प्रदूषण से हर साल तकरीबन बीस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। भारत में सभी श्वसन संबंधी मौतों में से एक तिहाई से अधिक वायु गुणवत्ता से जुड़ी हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएं एयरोसोल से जुड़ी होती हैं जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं। स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायुप्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसके फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता की जरूरत

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। 29 अप्रैल, 2026 को जारी राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यालय (एनसीआरपी) की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 2 लाख, 31 हजार 671 नए कैंसर मामलों का अनुमान लगाया गया है, जो कि देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा है। 2030 तक यह आंकड़ा 2 लाख, 54 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह आंध्रप्रदेश में 65000, असम में 51734, तेलंगाना में 46762 कैंसर के नए मामले सामने आए हैं। देश के अन्य राज्यों की भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को अपनी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में कैंसर के 15.6 लाख नए मामले दर्ज किए गए हैं। भारत में 2024 के दौरान कैंसर से 9,01,828 मौतें हुई, जबकि करीब 33.2 लाख लोग निदान के बाद जीवन जी रहे हैं। वैश्विक स्तर पर बात करें तो वर्ष 2024 में विश्व भर में कैंसर के लगभग 2.06 करोड़ नए मामले सामने आए हैं और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई है। माना जा रहा है कि अगर इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं लगा तो वर्ष 2050 तक कैंसर के नए मामलों की संख्या 3.5 करोड़ वार्षिक तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर पांच में से एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कभी न कभी कैंसर होने की आशंका है। इसके अलावा परिवार के किसी सदस्य के निदान को शामिल करें तो लगभग 92 फीसद लोग किसी न किसी रुप में इस बीमारी से प्रभावित होते हैं। अच्छी बात यह है कि 2010 से वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग में 27 फीसद की गिरावट आई है जिससे फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कुछ कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते फ्लानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरूकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। भारत की बात करें तो तकरीबन 15 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते है। एक रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि हर आठ मिनट में गोवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन दो हजार से अधिक लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 39 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष तकरीबन 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसदी बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किए जाने के बाद कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रूप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरूक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया जा चुका है कि वर्ष 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उसके मुताबिक कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल, विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है।

श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



रक्षकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'आप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन माम में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में बीजों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता है कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि मैं आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा है की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते ही बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता है। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे ही उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ है। सेठजी कहते है, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबूझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन

फ़िदायीन



आज की पाती

अपनों के साथ मनाएं दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहां हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, उनमें पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है।
- रविंद्र जोशी, शिलचर

टेंड

वोटर आईडी से पात्रता



कोई सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने घोषणा की है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशन आधार से नहीं, बल्कि वोटर आईडी से तय होगी। यह खतरनाक संकेत है। एसआईआर के बाद यह वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इसी नहीं तोड़ सका तो मैं और मेरा परिवार मारे जाएंगे। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

बैडमिंटन में सिल्वर मेडल



पिछले 15 साल की उम्र में, तनवी पर्वत ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत को गौरवान्वित किया है। वह ओलंपिक खेलों में बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई। हम उनके लिए और भी कई उपलब्धियों की कामना करते हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

यूजीसी नियम



यूजीसी नियमों के खत्म में केंद्र सरकार का सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखा गया अजीब तर्क चौंकाने वाला है। इसे पूरा विश्वास है कि इस समीक्षा से एक ऐसा संतुलित निर्णय निकलेगा जो सभी के हितों की रक्षा करेगा।
- रवि शंकर प्रसाद, सांसद, बीजेपी

खेल सामान का निर्माण



खेल के सामान के निर्माण के लिए 1,856 करोड़ रुपये की छूट का स्वागत है, लेकिन इस छूट से हमें क्या हासिल होगा (क्वालिफाइड कैलेंडर) स्पष्टता कर दे तो बेहतर होगा। इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा पहले की तरह ?
- अभिनव ए. बिंद्रा, ओलंपियन

करंट अफेयर

अमेरिकी राज्यों के गर्वनरों ने दिवाली समारोह किए आयोजित

अमेरिका के पांच प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्रीय राज्यों के गवर्नरों और 20 से अधिक मेयरों ने पहली बार राज्य की राजधानियों और सिटी हॉल में दिवाली उत्सव की मेजबानी की है, जहां नेताओं ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता और योगदान की सराहना की। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दिवाली समारोह मध्य अक्टूबर में शुरू हुए थे और 10 नवंबर तक जारी रहेंगे, जब ओरेगन के गवर्नर सलेम में अंतिम समारोह की मेजबानी करने वाले हैं।



ऑफ बीट

बलीन व्हेल अब तक की सबसे बड़ी जीवित जीव

बलीन व्हेल समुद्र की रानी होती है, जो अब तक जीवित सबसे बड़े जीव हैं। रिकॉर्ड धारी ब्लू व्हेल (बैलेनोप्टेरा मस्कुलस) है, जो 30 मीटर तक की लंबाई तक पहुंच सकती है। यह बास्केटबॉल कोर्ट से भी लंबा है। हालांकि, उनके पूरे विकासवादी इतिहास में, अधिकांश बलीन व्हेल अपेक्षाकृत बहुत छोटी थीं, लंबाई में लगभग पाँच मीटर। हालांकि अधिकांश जानवरों की तुलना में यह आकार अभी भी बड़ा है, लेकिन एक बलीन व्हेल के लिए यह काफी छोटा है। हालांकि, दक्षिणी गोलार्ध से नई जीवाश्म खोजें इस कहानी को बदलने वाली हैं। इनमें नवीनतम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मुर्रे नदी के तट से मिला एक जीवाश्म है।



संक्षेप

दहेज उत्पीड़न केस में वांछित आरोपी गिरफ्तार

आरोपी पर बीएनएस और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस

अमेठी ,मुंशीगंज में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी अरविंद को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक, वह मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर जिले में वांछित आरोपियों की तलाश का अभियान चल रहा है। मुंशीगंज पुलिस संदिग्ध लोगों, सामान और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने अरविंद को पकड़ा।पुलिस के अनुसार, अरविंद (25) पुत्र राजेंद्र, ग्राम पूरे कुटुरू का पुरवा, थाना मुंशीगंज, अमेठी का निवासी है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 80(2), 85 और 351(3) के साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज है। गतिविधि दिखने पर सूचना देने की अपील पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजय मिश्रा और कांस्टेबल प्रदुम्न शामिल थे।पुलिस ने लोगों से संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखने पर सूचना देने की अपील की है।

17 वर्षीय किशोरी लापता

नानी ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया

अमेठी,कोतवाली क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई।उसकी नानी ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक, किशोरी 4 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 6 बजे मैदान जाने की बात कहकर घर से निकली थी।देर रात तक नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला।नानी का आरोप है कि युवक उनकी नातिन से अक्सर फोन पर बात करता था। उन्हें आशंका है कि वही उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।नानी के मुताबिक, युवक के घर पहुंचने पर ताला बंद मिला।कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 87 और 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

घर के कमरे में सांप ने युवक को काटा

परिजन तत्काल लेकर पहुंचे अस्पताल, इमरजेंसी वार्ड में छह घंटे निगरानी के लिए रखा गया

अमेठी , जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर तिवारी गांव में शुक्रवार रात सांप के काटने से 20 वर्षीय मोहित घायल हो गया। घटना रात करीब आठ बजे की है।परिजन उसे बिना देरी किए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मोहित घर के एक कमरे में मौजूद था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद उसकी हालत को देखते हुए परिजन घबरा गए और तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर लिया।

कैसरगंज संपूर्ण समाधान दिवस में 43 शिकायतें पहुंचीं, 7 का मौके पर निस्तारण

राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी रहीं सर्वाधिक शिकायतें

एसडीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने की। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत समेत लगभग सभी विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। इनमें राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की संख्या अधिक रही। एसडीएम प्रशांत कुमार नायक ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव, तहसीलदार दुर्गेश यादव, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सहित राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीमें तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

.....हम याद उन्हें करते हैं जो लौट के घर नहीं आते

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जलाये 501 दीपक, 10 वर्षो से चल रहा है कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच के तत्वावधान में नगर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर दीपावली की पूर्व संध्या पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम में 501 दीपक जलाकर संगठन के पदाधिकारियों ने सम्पन्न कराया।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली के एक दिन पूर्व हम अपने उन शहीदों को दीपक जलाकर श्रद्धांजलि देते हैं जो देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटक गये और उन देश के जवानों को भी याद करते हैं जो शरहद पर जान गवाने वाले हैं।उन्होंने ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास विगत दस वर्षों से कर रहा है। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक घनश्याम वाजपेई ,प्रदेश महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र,प्रदेश महामंत्री संजय सिंह,प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष एकता जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनंतराम निषाद, ,रोहित वर्मा, रिशु चौधरी, कृष्ण कुमार मिश्र, बजरंगबली पाठक, सुरेश श्रीवास्तव, राजकिशोर,राजन शुक्ल, अशोक मद्धेशिय, , राकेशनाथ त्रिपाठी मंजू निगम, सुष्मिता वर्मा , हफिजा ,अमरीश सिंह,शंभू पाण्डेय,सिद्धांत पाण्डेय, शिवेंद्र प्रताप सिंह,शशि गुप्ता पुण्डरीक पाण्डेय,आदर्श शुक्ल, शिवम्, अम्बरीष शुक्ल आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

कैसरगंज नगर पंचायत में भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रथम बैच संपन्न

22, 23, 24 अक्टूबर और द्वितीय बैच 4, 5, 6 नवम्बर का प्रशिक्षण समाप्त

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। फील्ड ट्रेनरों ने जनगणना से जुड़े प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर सारगर्भित और सरल तरीके से बताया कि इस बार डिजिटल जनगणना हो रही है।यह देश की 16वीं जनगणना और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। जनगणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक और स्वगणना 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक, बेघरों की गणना 4 जनवरी 2027 सायं 6:30 बजे से रात 12:00 तक की जाएगी और संदर्भ तिथि 5 जनवरी 2027 रात 00:00 बजे रखी गई है। रिवीजन राउंड 5 जनवरी से 9 जनवरी 2027 है।नगर पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनगणना दो चरणों में हो रही है।पहले चरण में अप्रैल से सितंबर के बीच मकान सूचीकरण का कार्य पूरा किया गया और द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना होगी। प्रत्येक व्यक्तियों की गणना की जाएगी और पहली बार लोग स्वगणना कर सकेंगे।स्वगणना के बाद प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। आप लोग ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य कर कर राष्ट्रहित में सहभागी बनें।

सजी 100 से अधिक आतिशबाजी की दुकानें, स्काई शॉट और मल्टी शॉट की भारी डिमांड

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रोशनी के पर्व दीपावली को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक उल्लास का माहौल है। घरों की साज-सज्जा, मिष्ठान और पूजन सामग्री के साथ ही अब आतिशबाजी का बाजार भी पूरी तरह सजकर तैयार हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से अस्थायी लाइसेंस जारी होने के बाद शहर के अब्बासपुर समेत जिले भर के विभिन्न7 क्षेत्रों में 100 से अधिक पटाखों की दुकानें संचालित हो रही हैं। दुकानों पर इस बार ग्राहकों के लिए 100 रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक की आतिशबाजी उपलब्ध है।

अनार, चकरी से लेकर स्काई शॉट का क्रेज

आतिशबाजी बाजार में इस बार बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए पटाखों की ढेरों वैरायटी मौजूद हैं। दुकानदारों ने ग्राहकों के बजट और पसंद का खासा ध्यान रखा है। रंगीन रोशनी बिखेरने वाले अनार, चकरी, पेंसिल पटाखा और फुलझड़ी बच्चों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। वहीं, आसमान में सतरंगी छटा बिखेरने वाले रॉकेट, मल्टी शॉट और स्काई शॉट युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। बाजार में छोटे पैकेट के साथ-साथ बड़े आतिशबाजी सेट और कॉम्बो पैक भी उपलब्ध हैं, जिनकी जमकर खरीदारी हो रही है। शाम ढलते ही पटाखा बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

पटाखा बाजारों में किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सभी दुकानों पर अनिवार्य रूप से फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र), बालू और पानी की बाल्टियां रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा और एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ पटाखा बाजार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि निर्धारित क्षमता के अनुसार ही पटाखों का भंडारण किया जाए। सुरक्षा उपकरणों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिशानिदेर्शों के अनुरूप हो रही बिक्री

मोहर्रम अली, सलमान, असलम और शानू सहित अन्य पटाखा विक्रेताओं ने बताया कि प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही दुकानें लगाई गई हैं। मानकों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है और आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम रखे गए हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को भी सुरक्षित ढंग से आतिशबाजी करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

बाजारों में उमड़ी भीड़, प्रमुख मार्गों पर लगा जाम

दीपावली की खरीदारी अपने चरम पर पहुंचने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। शनिवार को खरीदारी के लिए निकले लोगों की भारी भीड़ के चलते शहर के बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा और गांधी नगर तिराहा समेत प्रमुख बाजारों में भीषण जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों की कतारें रेंगती नजर आईं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने और यातायात को सुचारू बनाने के लिए प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौती

त्योहारी सीजन में एक ओर जहां बाजारों में रौनक है, वहीं प्रशासन के सामने बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और पटाखा दुकानों पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की दोहरी चुनौती है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं। आम जनमानस से भी अपील की गई है कि वे सतर्कता बरतें, यातायात नियमों का पालन करें और पूरी सावधानी के साथ त्योहार मनाएं।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांगजन को वितरित की ट्राईसाइकिल

पुष्पों की माला पहनाकर किया स्वागत, मिष्ठान भेंट कर दीपावली की दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत के साथ 03 दिव्यांगजन को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा ट्राईसाइकिल एवं मिष्ठान भेंट कर दीपाली की बधाई दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विकास खण्ड रिसिया के ग्राम राम वट्टी निवासी संदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार, ब्लाक नवाबगंज के ग्राम गोविन्दपुर पंडित (बख्शी) निवासी शांहजहां पुत्री इस्माइल व गोविन्दपुर पंडित निवासी मेंहदी हसन पुत्र रईस खान को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा 02 बच्चों को अन्नप्रासन कराया।

लिफ्ट लेकर कानूनगो की जेब काटने की कोशिश

विरोध पर भागा आरोपी, जेब से गिरे 50 हजार रुपए; पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़।राह चलते मदद मांगकर लिफ्ट लेना और फिर उसी मददगार की जेब पर हाथ साफ करने की कोशिश करना शातिर की चालाकी पर भारी पड़ गया।अलीगढ़ के ताला नगरी इलाके में शुक्रवार को एक ऐसा ही मामला सामने आया।यहां बाइक पर लिफ्ट लेकर बैठे व्यक्ति ने कोल तहसील के राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) की जेब काटने का प्रयास किया। हालांकि,समय रहते भनक लगने पर कानूनगो ने विरोध किया तो आरोपी घबराकर भागने लगा।इस दौरान उसकी जेब से 50 हजार रुपये की नोटों की गड्डी सड़क पर गिर गई।स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया,लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया।मामला हरदुआगंज थाना क्षेत्र के ताला नगरी इलाके का है।कोल तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक बनी सिंह शुक्रवार को क्वार्सी से हरदुआगंज की ओर जा रहे थे।रास्ते में ताला नगरी के पास एक व्यक्ति ने उनसे लिफ्ट मांगी।बनी सिंह ने मानवीयता दिखाते हुए उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया।आरोप है कि बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने रास्ते में मौका पाकर उनकी जेब काटने की कोशिश शुरू कर दी।आरोपी को लगा कि चलते रास्ते में उसकी हरकत का पता नहीं चलेगा और वह आसानी से वारदात को अंजाम देकर निकल जाएगा लेकिन बनी सिंह को आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों का अहसास हो गया। उन्होंने तत्काल विरोध जताया और उसे पकड़ने का प्रयास किया।खुद को घिरता देख आरोपी बाइक से उतरकर भागने लगा।इसी हड़बड़ाहट में उसकी जेब में रखी 50 हजार रुपये की नोटों की गड्डी सड़क पर गिर गई। नकदी गिरते ही मौके पर मौजूद लोगों का ध्यान आरोपी की ओर गया। लोगों ने उसे घेरकर दबोचने की कोशिश की, लेकिन वह भीड़ को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही हरदुआगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी की जा सके। सड़क पर मिली 50 हजार रुपये की नकदी भी जांच का अहम हिस्सा है। पुलिस आरोपी की पहचान और रुपये के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल आरोपी फरार है।

एसडीएम मिहीपुरवा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के क्रम में उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील मिहीपुरवा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में विधुत, भूमि विवादङ्क अवैध कब्जाङ्क राशन कार्ड, पुलिस, विकास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी आदि को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा, तहसीलदार मिहीपुरवा, नायब तहसीलदार मिहीपुरवा, पूर्ति निरीक्षक सहित अन्य प्रशासन व पुलिस विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस ने जुआ खेलते 6 लोगों को पकड़ा

55,195 रुपए, ताश की दो गड्डी और बाइक मिली; कुछ लोग अंधेरे में भागे



अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते छह लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 55,195 रुपए नकद, ताश के पत्तों की दो गड्डी और एक मोटरसाइकिल मिली। कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर संग्रामगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे कस्बे में जुए के अड्डे पर छापा मारा। थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने छह लोगों को जुआ खेलते पकड़ा।गिरफ्तार लोगों की पहचान सागर तिवारी, धीरेंद्र कुमार पटेल, गुलशन यादव, हरिलाल पटेल, सागर पटेल और पंकज कौशल के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी के खिलाफ संग्रामगढ़ थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छेड़छाड़ की उलाहना देने पर चले लाठी-डंडे

मां-बेटी समेत चार घायल, घर में तोड़फोड़, शिकायत पर पुलिस जांच कर रही

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ का विरोध करना उसके परिवार को भारी पड़ गया। उलाहना देने पहुंचे परिजनों पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मां-बेटी समेत चार लोग घायल हो गए। आरोपियों ने घर में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि पड़ोस का एक युवक कई दिनों से युवती को परेशान कर रहा था। युवती ने इसकी जानकारी अपनी बहन को दी तो वह आरोपी के घर उलाहना देने पहुंच गई। इस पर पड़ोसी आक्रोशित हो गए और युवती की बहन को डंडे से पीटने लगे। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य उसे बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान घर में रखे सामान को भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद पीड़ितों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मेले में हर साल बड़ी संख्या में लोग आते हैं। अव्यवस्था से बचने के लिए सभी तैयारियां पहले से पूरी करना जरूरी है। एसडीएम, सीओ और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भरोसा दिया कि मेला शुरू होने से पहले जरूरी व्यवस्थाएं ठीक करा दी जाएंगी, ताकि लोगों को परेशानी न हो। बैठक में एसडीओ विद्युत अरुण यादव, पीडब्ल्यूडी और जल निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

संक्षेप

सिपाही से मारपीट पर आरोपी हिरासत में

बागपत में कार की साइड लगने पर विवाद, लोग बोले- नशे में था

बागपत , शहर कोतवाली के मुख्य बाजार में रात करीब 8 बजे सिपाही दिलशाद के साथ मारपीट हुई। पुलिस ने आरोपी योगेंद्र को हिरासत में लिया और उसकी कार कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, योगेंद्र कार लेकर बाजार आया था। कार की साइड लगने पर नोएडा में तैनात सिपाही दिलशाद ने विरोध किया, जिसके बाद योगेंद्र ने उनसे मारपीट की।आरोपी शराब के नशे में था स्थानीय लोगों ने बताया कि योगेंद्र शराब के नशे में था और दूसरे लोगों से भी गाली-गलौज कर रहा था। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। कुछ देर बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। मारपीट की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

नलकूपों से उपकरण चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

दिन में रेकी, रात में चोरी करते थे, तार-तांबा पुलिस ने किया बरामद

बागपत ,शहर कोतवाली पुलिस ने नलकूपों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दिन में नलकूपों की रेकी करते थे और रात में वहां से उपकरण चोरी कर लेते थे। उनके पास से पांच किसानों के नलकूपों से चुराए गए सामान बरामद हुए हैं।19 अक्टूबर को की थी चोरी पुलिस के मुताबिक, 19 अक्टूबर को आरोपियों ने बस टिकरी गांव के जंगल में स्थित नलकूपों से उपकरण चोरी किए थे। किसान की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उनकी पहचान नलकूप उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के रूप में हुई।50 मीटर केबल और 500 ग्राम तांबा बरामदपुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से पांच किसानों के नलकूपों से चुराए गए उपकरण मिले हैं। इनमें तार काटने का उपकरण, 50 मीटर केबल और 500 ग्राम तांबा शामिल है।पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी दो-दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने गिरफ्तारी की जानकारी दी।

दो महिला आरक्षियों ने एथलेटिक्स में पदक जीते

उपासना और यशोदा का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

बागपत। जनपद बागपत पुलिस की दो महिला मुख्य आरक्षियों ने खेल के मैदान में शानदार प्रदर्शन कर जिले और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया है। 34वीं यूपी मास्टर एथलेटिक्स मीट 2026-27 में विभिन्न खेल स्पधाओं में पदक जीतने वाली महिला मुख्य आरक्षी उपासना और महिला मुख्य आरक्षी यशोदा को पुलिस अधीक्षक पूर्णेन्दु सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने दोनों महिला पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार 34वीं यूपी मास्टर एथलेटिक्स मीट में महिला मुख्य आरक्षी 321 उपासना और महिला मुख्य आरक्षी 487 यशोदा ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कृषक इंटर कॉलेज बिजौली की बस ने युवक को कुचला हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर ,जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जहानाबाद फतेहपुर मार्ग में एक अनियंत्रित स्कूल बस ने 22 वर्षीय युवक को कुचलकर मौत से घाट उतार दिया मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बिलारी गांव का निवासी 22 वर्षीय युवक अनुज उर्फ शीबू प्रजापति पुत्र रज्जन लाल प्रजापति अपने घर से सठिगवां बाजार की तरफ अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था ठीक उसी समय बिजौली में संचालित कृषक इंटर कॉलेज की बस के चालक ने युवक को भीषण टक्कर मार दिया वही अचेत होकर युवक बुरी तरह घायल हो गया आसपास मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने दौड़कर घायल को उठाया तथा परिजनों को सूचना दी जहां सूचना पाते ही मौके पर पहुंची अविवाहित बहन नीतू समेत परिजनों को प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि अनियंत्रित होकर कृषक इंटर कॉलेज की बस ने हादसा किया है परिजन तत्काल घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया यह सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया पिता रज्जन लाल मां समेत सभी बहन भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल था मिली जानकारी के अनुसार अपने पिता के तीन बेटों तथा चार बेटियों में युवक सबसे छोटा बेटा था तीन बहनों तथा एक भाई का विवाह हो चुका है अविवाहित मृतक अपने पिता के साथ खेतों में मेहनत मजदूरी करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करता था सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी वृंदावन राय ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया कि देर शाम खबर लिखते समय तक मृतक की बहन नीतू देवी ने कृषक इंटर कॉलेज की बस द्वारा हुए हादसे को लेकर विद्यालय के चालक के ऊपर आरोप लगाया परंतु देर शाम तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई यदि कोई भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

फ्रिज का फटा कंप्रेसर महिला के उड़े चीथड़े हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, जनपद के हथगांव क्षेत्र अंतर्गत कस्बे की एक अधेड़ महिला की फ्रिज का कंप्रेसर फट जाने पर मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला गंज शहीदा निवासी 55 वर्षीय महिला नसरीन बानो पत्नी मोहम्मद रफी कुरैशी कल शनिवार को दोपहर समय लगभग 3 बजे मकान के अंदर बाथरूम की साफ सफाई कर रही थी वही अचानक फ्रिज में अधिक गैस बन जाने के कारण कंप्रेसर फट गया जहां फटे कंप्रेशन ने महिला को आगोश में ले लिया और महिला के चीथड़े उड़ गए अचानक फटे कंप्रेसर से महिला के दो टुकड़े हो गए जहां शरीर का कुछ हिस्सा 40 फीट दूर तक देखा गया जबकि शरीर का कुछ हिस्सा छत के ऊपर से भी बरामद हुआ इस घटना से परिवार समेत मोहल्ले में हाहाकार मच गया वहीं सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी ने बताया कि पति मोहम्मद रफी दीपावली पर्व को लेकर पटाखे की दुकान लगाए हुए था तथा घर में पत्नी अकेली थी अचानक हुए धमाके के बाद फ्रिज के भी कई टुकड़े हो गए पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया मृतका नसरीन बानो के तीन बेटे तथा पांच बेटियां हैं जिसमें दो बेटियां विवाहित हैं सूचना मिलने पर खागा क्षेत्राधिकारी दुर्गेशदीप भी मौके पर पहुंचे तथा प्रशासन जांच पड़ताल में जुट गया ।

पानी भरने गई किशोरी समेत परिजनों को विपक्षियों ने पीटा मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर, जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिक 12 वर्षीय किशोरी समेत परिजनों को लगभग आधा दर्जन से अधिक विपक्षी गणों ने जमकर पीटा जिसकी शिकायत लेकर पीड़िता मां ने नजदीकी पुलिस चौकी खजुहा में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्यायकी गुहार लगाई पीड़िता ने बताया कि बेटी अपने मकान के नजदीक लगे एक नलकूप हैंड पंप में पानी भरने गई थी ठीक उसी समय गांव का एक युवक आगे आ गया और किशोरी को घसीट कर ले जाने लगा किशोरी ने शोर मचाया यह सुनकर नाबालिक युवती की मां दौड़कर आई और उसे रोकने का प्रयास करने लगी तभी आरोपी युवक ने मां को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा वही कुछही पलों में शोर गुल सुन कर आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर आ गए और झगड़ा में आमादा हो गए पीड़िता मां ने नजदीकी पुलिस चौकी खजुहा में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई तथा अपने घर वापस लौट रही थी तभी एक बार फिर आरोपी तथा उनके परिजनों ने जमकर मारपीट की तथा जान से मार देने की धमकी दी स्थानीय पुलिस प्रशासन ने पीड़िता की तहरीर स्वीकृत करते हुए सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की

अधिकारियों को स्व-गणना का प्रशिक्षण दिया गया

जनगणना 2027 के लिए विभागों और शिक्षण संस्थानों में अभियान चलाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , विकास भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों को जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने की।नूपुर गोयल ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने विभाग में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा। नोडल अधिकारी 16 से 20 नवंबर के बीच विभाग के सभी कर्मचारियों की स्व-गणना पूरी कराएंगे। इसके बाद कर्मचारियों की स्व-गणना आईडी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से साझा करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को स्कूलों में जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसमें स्कूल कर्मचारियों के साथ इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों को भी स्व-गणना की प्रक्रिया बताई जाएगी। विद्यार्थियों को अपने परिवारों तक इसकी जानकारी पहुंचाने और घर पर स्व-गणना पूरी कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों से आपसी तालमेल के साथ तय समय में निदेशों का पालन करने को कहा। इसका उद्देश्य जनगणना 2027 की स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक पहुंचाना और उन्हें इसमें शामिल करना है।

ट्रक में घुसी बस, महिला परिचालक की मौत

ऋषिकेश से आ रही थी, एक यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,दौराला में सुबह घने कोहरे के कारण रोडवेज बस हाईवे किनारे खड़े रोडी से भरे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस की 22 साल की महिला परिचालक पूर्वा की मौत हो गई, जबकि एक यात्री घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का परिचालक की ओर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हादसा वलीदपुर गांव के पास सुबह करीब 4 बजे हुआ। ऋषिकेश से मेरठ आ रही मेरठ डिपो की बस को मुजफ्फरनगर निवासी चालक अमरपाल चला रहा था। घने कोहरे के कारण उसे हाईवे किनारे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और बस पीछे से उसमें जा घुसी।

बस में फंसी परिचालक, यात्री को भी आई चोट

हादसे में शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के कासोपुर गांव निवासी पूर्वा बस में फंस गई थी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकलवाया।वहीं, बुलंदशहर निवासी यात्री विशाल घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भेजा गया।बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।हाईवे पर फैली रोडी, कई बाइक सवार फिसलेटक्कर के बाद ट्रक में भरी रोडी हाईवे पर फैल गई। इससे यातायात प्रभावित हो गया। रुहासा निवासी रोहित राज और गौरव कुमार ने रोडी के पास पेड़ की टहनियां रखकर वाहन चालकों को सावधान करने की कोशिश की। इसके बावजूद कई बाइक सवार फिसलकर गिर गए। हाईवे पर जाम जैसे हालात बन गए। सुबह करीब 10 बजे रोडी हटाने का काम शुरू हुआ।सीओ दौराला शिव ठाकुर ने बताया कि हादसे में महिला परिचालक की मौत हुई है।

25 गज के मकान के विवाद में दो बार फायरिंग

ट्रोनिका सिटी के खुशहाल पार्क में 32 घंटे के भीतर चली गोलियां, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



लोनी,गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी स्थित खुशहाल पार्क में 25 गज के मकान को लेकर विवाद के बीच 32 घंटे में दो बार फायरिंग हुई। पहली घटना के दौरान घर में घुसकर महिला और बच्चों से मारपीट का भी आरोप है।5 नवंबर की शाम करीब 5:45 बजे आसमा घर में अकेली थीं। आरोप है कि एक महिला समेत 4 लोग घर में घुसे। उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट की, घर का गेट और सामान तोड़ा। महिला और बच्चों को पीटने के बाद जान से मारने की धमकी देकर आरोपी चले गए। पुलिस ने घायल आसमा का 50 शैय्या अस्पताल में मेडिकल कराया।ट्रोनिका सिटी पुलिस ने 6 नवंबर को 4 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 324(4), 333, 351(3) और 352 के तहत नामजद केस दर्ज किया। पुलिस पहली घटना की जांच कर रही थी।इसी बीच 7 नवंबर की रात करीब 1:30 बजे उसी मकान पर फिर गोलियां चलीं। पीड़ित पक्ष का दावा है कि 5-6 राउंड फायरिंग हुई। गोलियों की आवाज सुनकर लोग घरों में दुबक गए। पीड़ित पक्ष का दावा है कि पुलिस को मौके से 3-4 खोखे मिले और मुख्य गेट पर गोली के निशान दिखे। स्थानीय लोगों का कहना है कि 5 नवंबर की घटना में भी 2 राउंड फायरिंग हुई थी, लेकिन एफआईआर में इसका जिक्र नहीं है। बताया गया है कि 25 गज के मकान पर पीड़ित पक्ष का कब्जा है। पीड़ित पक्ष को आशंका है कि विरोधी पक्ष दहशत फैलाने के लिए गोलियां चलवा रहा है। इस दावे की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। पुलिस का कहना है कि मामला प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा है। जांच के बाद घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

टप्पेबाजों ने सर्राफा कारीगर से 5 लाख का सोना उड़ाया

मेरठ के सदर बाजार में सम्मोहित कर ले भागा, एडीजी - डीआईजी मौके पर पहुंचे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सर्राफा बाजार में बदमाशों ने कारीगर को सम्मोहित कर करीब पांच लाख रुपए कीमत का सोना उड़ा दिया। जिस वक्त वारदात हुई, उसी समय एडीजी जोन भानु भास्कर और डीआईजी रेंज कलानिधि नैथानी उसी इलाके में फुट पेट्रोलिंग कर रहे थे। पुलिस के आला अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद वारदात हो जाना बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

कच्चा सोना खरीदकर जाते समय रास्ते में टप्पेबाजी

कोलकाता के महेशपुर हुबली निवासी ऋषभ पुत्र प्रशांत शहर सर्राफा बाजार में शेख बगदुल इसलम पुत्र हबीबर रहमान के यहां कारीगर है। दोपहर करीब ढाई बजे वह एक दुकानदार के यहां से माल तैयार करने के लिए कच्चा सोना लेने पहुंचा। करीब 32 ग्राम कच्चा सोना लेकर ऋषभ चल दिए। कुछ ही दूरी पर दो संदिग्ध ऋषभ को मिले और उससे बात की। इसके बाद दोनों ऋषभ के हाथ का बैग लेकर वहां से चले गए। कुछ पल बाद ही ऋषभ को एहसास हुआ कि उसके पास मौजूद सोना नहीं है। इसके बाद ऋषभ ने शोर मचा दिया। आसपास के दुकानदार एकत्रित हो गए। ऋषभ ने बताया कि उसके साथ लूट हो गई है। 32 ग्राम सोना दो बदमाश ले गए हैं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जिस वक्त यह वारदात हुई, एडीजी भानु भास्कर और डीआईजी कलानिधि नैथानी फुट पेट्रोलिंग कर रहे थे। वारदात की सूचना मिलते ही एडीजी और डीआईजी मौके पर पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली और स्थानीय पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आनन-फानन में पीड़ित को थाने भिजवाया गया, जहां उससे घटना के संबंध में जानकारी जुटाई गई। आखिर कहां थी पुलिस की निगरानी शहर सर्राफा बाजार अतिसंवेदनशील और भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में ग्राहक सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी करने पहुंचते हैं। ऐसे बाजार में ग्राहक को सम्मोहित कर लाखों की ज्वेलरी लूट लेना पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े करता है।सीसीटीवी में तलाशे जा रहे सुराग घटना के बाद पुलिस ने आसपास की दुकानों और बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

गौर सिटी मॉल में सजावटी पेड़ में आग लगी

प्रबंधन ने खुद आग बुझाई, किसी के हताहत होने की खबर नहीं



अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी मॉल में सुबह करीब 9 बजे आर्टिफिशियल पेड़ में आग लग गई। मॉल प्रबंधन ने अपने फायर उपकरणों से आग बुझाई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, पेड़ पर लगी बिजली की लड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। मॉल में दिवाली के लिए सजावट की गई थी और आर्टिफिशियल पेड़ों पर रंग-बिरंगी लड़ियां लगाई गई थीं।

पुलिस ने 157 लोगों को लौटाए गुम मोबाइल

धनतेरस पर सेंट्रल नोएडा में फोन मालिकों को सौंपे; सीईआईआर पोर्टल से की गई थी निगरानी

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,सेंट्रल नोएडा पुलिस ने धनतेरस पर 157 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटकर दीपावली का तोहफा दिया है। पुलिस ने ये फोन उनके मालिकों को सौंपे। पुलिस के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में लोगों के फोन अलग-अलग जगहों पर गुम हो गए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने फोन की जानकारी सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज की और उनकी निगरानी की। सर्विलांस टीम ने 157 फोन ढूंढे। इनमें कुछ फोन ऑटो, पार्क, खेलते समय या मंदिर में पूजा करते हुए गुम हुए थे। थाना सूरजपुर पर एक प्रेस वार्ता हुई इस दौरान डीसीपी सेंट्रल नोएडा प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि मिशन सहयोग के तहत इन लोगों के मोबाइल फोन इन्हें वापस दिए गए हैं,पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया और सीईआईआर पोर्टल की मदद से फोन की निगरानी की। उन्होंने बताया कि 157 लोगों को उनके फोन सौंपे गए हैं और आगे भी यह काम जारी रहेगा।

ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर बसों का इंतजार

दिवाली पर घर जाने वालों की भीड़, यात्रियों को 3-4 घंटे बाद भी नहीं मिल रहीं बसें

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,दिवाली पर घर जाने के लिए हजारों लोग सफर पर निकले हैं। ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर यात्रियों की भीड़ जुटी। आगरा, लखनऊ, देवरिया और बिहार के पटना समेत कई शहरों के लिए लोग बसों का इंतजार कर रहे हैं। यात्रियों को तीन से चार घंटे तक बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। ऑनलाइन टिकट बुक कराने के बावजूद कई बसें तय समय पर नहीं पहुंच रही हैं। भीड़ के बीच कई परिवार छोटे बच्चों के साथ सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे बैठने और सोने को मजबूर हैं। यात्रियों ने निजी बस संचालकों और ट्रैवल एजेंसियों पर मनमाना किराया मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुना तक किराया मांगा जा रहा है। विरोध करने पर बस में नहीं बैठाने और सफर से मना करने की धमकी दी जा रही है। अमन ने बताया कि उन्हें पटना जाना है, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी बस नहीं मिली है। बस का इंतजार कर रहीं सविता ने बताया कि उन्हें परिवार के पास लखनऊ जाना है। वह एक घंटे से बस का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर रात 9 बजे तक बस नहीं आई, तो वे वापस चली जाएंगी। यात्रियों का कहना है कि दिवाली और दूसरे बड़े त्योहारों पर हर साल जीरो पॉइंट पर ऐसी स्थिति बनती है।

दीया सजावट और रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को किया सम्मानित

रंगों और कलात्मक सजावट से बच्चों ने बिखेरी छटा, भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज पनियरा। सत्यप्रकाश नेशनल पब्लिक स्कूल, नेवासपोखर में दीपावली के पावन अवसर पर दीया सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न रंगों, फूलों और चावल की मदद से आकर्षक आकृतियां बनाईं। वहीं दीया सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने मिट्टी के दीयों को रंगों, मोतियों और गोटा-पत्ती से सजाकर अपनी कला का परिचय दिया। बच्चों की आकर्षक कलाकृतियों ने शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन का मन मोह लिया।

विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आपसी सहयोग तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को दीपावली के सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

आईजीआरएस में प्रदेश में प्रथम स्थान पाने पर जालौन पुलिस की टीम सम्मानित, एसपी ने दिया नकद पुरस्कार



अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। जनशिकायतों के निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आईजीआरएस (जनसुनवाई पोर्टल) पर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जालौन पुलिस की आईजीआरएस टीम को पुलिस अधीक्षक ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द्र रावत ने टीम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सदस्यों को एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी ने टीम के सदस्यों को भविष्य में भी इसी लगन, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने से जालौन पुलिस की कार्यप्रणाली को एक और उपलब्धि मिली है।

दीपावली को लेकर फरधान पुलिस अलर्ट, बाजारों में चलाया सघन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। जनपद में दीपावली के पावन त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए फरधान पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर। त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।थानाध्यक्ष विचित्र वीर के कुशल नेतृत्व में फरधान पुलिस और लीला कुआं पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस बल ने संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की , जिससे आम जनता और व्यापारियों में सुरक्षा का भाव पैदा हो सके। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बाजारों में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की कड़ाई से जांच की। इसके साथ ही थानाध्यक्ष ने स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों से सीधा संवाद किया। सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर और भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों को अनिवार्य रूप से चालू रखने तथा हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। त्योहारों के सीजन में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए फरधान पुलिस द्वारा समय रहते की गई यह मुस्तैदी बेहद सराहनीय है। स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल ने पुलिस प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है और कहा है कि पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहेगा और लोग बिना किसी डर के त्योहार की खरीदारी कर सकेंगे। फरधान पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हुड़दंग या शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

पुलिस चौकी से 50 मीटर दूर पूर्व मंडल अध्यक्ष के घर चोरी, डेढ़ लाख का माल पार

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी।थाना नीमगांव के कस्बा बेझम में सुरक्षा दावों को ठेंगा दिखाते हुए चोरों ने पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित के तीन मंजिला मकान को अपना निशाना बनाया। लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर बार्छेपारा मोड़ के पास स्थित इस मकान में पिछले एक साल से किराएदार रह रहे थे, जो दीपावली मनाने पांच दिन पहले लखनऊ गए थे। बुधवार रात करीब 10 बजे जब संजय दीक्षित वहां सोने पहुंचे, तो कमरों और बक्सों के ताले टूटे मिले तथा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के बर्तन और कपड़े चोरी होने की जानकारी दी है। सीओ मितौली यादवेंद्र यादव ने बताया कि घटना के खुलासे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

नवविवाहिता का फंदे पर मिला शव, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। बरवर कस्बे के मोहल्ला रोशन नगर में पांच माह पूर्व ब्याही गई 21 वर्षीय नवविवाहिता प्रियंका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता शिवकरन (निवासी- फतेहपुर, थाना महोली, सीतापुर) ने पांच महीने पहले ही अपनी पुत्री प्रियंका की शादी बरवर निवासी योगेश के साथ की थी। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और ससुराल वालों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया। वहीं, पति योगेश का दावा है कि घटना के वक्त वह खेत पर गेहूं की बुआई करने गया हुआ था। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार और नगर चेयरमैन संजय शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

जालौन पुलिस की बड़ी कामयाबी, 145 गुमशुदा मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद जालौन में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर क्राइम थाना एवं जनपद के विभिन्न थानों पर गठित पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 145 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 21 लाख 75 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से उन लोगों को बड़ी राहत मिली, जिनके मोबाइल फोन गुम हो गए थे। बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को वापस किए जाने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने जालौन पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चंद्र रावत ने बाइट जारी कर बरामदगी की जानकारी दी। उन्होंने साइबर क्राइम थाना और विभिन्न थानों की पुलिस टीमों के प्रयासों की सराहना की।

दंगा और बलवा नियंत्रण को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल, जवानों ने किया अभ्यास

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण, एसपी के निर्देशन में हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। थाना क्षेत्रों में दंगा, बलवा और अन्य आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में हुए इस अभ्यास में पुलिसकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और समन्वित कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी अमित कुमार राय के पर्यवेक्षण तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन के नेतृत्व में आयोजित अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन और उनके सुरक्षित प्रयोग की जानकारी दी गई। साथ ही उपद्रवी भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा के आवश्यक उपाय अपनाने और परिस्थितियों के अनुसार पुलिस कार्रवाई करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

अनुशासन और टीम भावना पर दिया जोर

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने विभिन्न परिस्थितियों में दंगा एवं बलवा नियंत्रण की कार्रवाई का अभ्यास किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को किसी भी विषम परिस्थिति में धैर्य, संयम, सतर्कता और आपसी समन्वय बनाए रखते हुए जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि नियमित अभ्यास से पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ती है और आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी कार्रवाई करने में मदद मिलती है। खीरी पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

तंबाकू से होने वाले कैंसर के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

फूलबेहड़, खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के अंतर्गत चित्रगुप्त प्रदीप श्रीवास्तव इंटर कॉलेज में शुक्रवार को तंबाकू के दुष्परिणामों और कैंसर से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ की टीम ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर नुकसान की जानकारी दी। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य टीम ने तंबाकू, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही समझाया कि तंबाकू का सेवन मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मुनीश वर्मा ने कहा कि तंबाकू सेवन के कारण कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। इससे बचाव के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और स्वास्थ्य कर्मियों ने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

बस की टक्कर से अनियंत्रित हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक सवार दंपती और बेटा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कालाआम के पास बुधवार दोपहर प्राइवेट बस की टक्कर से गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। इसकी चपेट में आने से बाइक सवार दंपती और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ट्रैक्टर चालक को भी मामूली चोटें आईं। कुसभारिया निवासी हीरालाल बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे पत्नी संगीता देवी और बेटे राकेश कुमार के साथ बाइक से कालाआम स्थित बैंक जा रहे थे। इसी दौरान लखीमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस संख्या यूपी 31 टी 5676 ने आगे चल रही महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी ओर मुड़ गई। बचने के प्रयास में हीरालाल ने बाइक सड़क से नीचे उतारी, लेकिन बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के अगले दाहिने पहिये के नीचे आ गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ट्रैक्टर चालक नीरज निवासी गुमचिनी को भी चोटें आईं। सूचना पर लीला कुआं चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बस, ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक कब्जे में ले ली। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गोवत्स द्वादशी पर घरों में हुई गाय और बछड़े की पूजा-अर्चना



अमन लेखनी समाचार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गोवत्स द्वादशी के अवसर पर क्षेत्र के घरों में महिलाओं ने गाय और उसके बछड़े की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गाय और बछड़े की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और धन-धान्य की कमी नहीं होती। इस अवसर पर महिलाओं ने दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर घरों में पूड़ी-पकवान, खील, चूरा और मिष्ठान तैयार किए। इसके बाद गाय और बछड़े को तिलक लगाकर गुड़, मिठाई, लाई और चूरा खिलाया। महिलाओं ने दोनों के पैर छूकर परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। सुबह से ही पूजा-अर्चना को लेकर घरों में उत्साह का माहौल रहा।

ट्रक से भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत, नौ दिन पहले बना था बेटी का पिता

दीपावली से पहले परिवार की खुशियां मातम में बदलीं, इलाज के दौरान तोड़ा दम; ट्रक चालक हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



बिजुआ, खीरी। थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग पर बस्तौली पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार दोपहर करीब ढाई बजे बैगास लदे ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल नौरंगाबाद निवासी 23 वर्षीय पावेल पुत्र रामऔतार की इलाज के दौरान मौत हो गई। महज नौ दिन पहले ही वह बेटी के पिता बने थे। बेटी की पहली दीपावली मनाने की तैयारियों में जुटे परिवार की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार पावेल बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बस्तौली पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक बैगास लदे ट्रक से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर बिजुआ चौकी प्रभारी सुशील तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

नौ दिन की बेटी के सिर से उठा पिता का साया

पावेल तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। वर्ष 2023 में उनकी शादी पल्हनापुर निवासी पिंकी से हुई थी। नौ दिन पहले ही पत्नी ने बेटी को जन्म दिया था। घर में नवजात के आगमन से खुशियां थीं और परिवार उसकी पहली दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा था। करीब एक महीने पहले ही पावेल की इकलौती बहन की शादी हुई थी। हादसे की खबर मिलते ही मां और पत्नी पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नौ दिन की मासूम को गोद में लिए बिलखती मां को देखकर ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। घटना के बाद नौरंगाबाद सहित बिजुआ क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने चीनी मिलों से बैगास लेकर गुजरने वाले भारी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने और सड़क पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

सीसीटीएनएस टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एसपी ने किया सम्मानित, 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया



अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद जालौन की सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) टीम ने उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर 17वां स्थान हासिल किया है। टीम की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने सराहना करते हुए पूरी टीम को 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इसी तरह पूरी निष्ठा, लगन एवं कार्यकुशलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहें। उन्होंने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टीम को प्रेरित किया।

संपूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतें, मौके पर सिर्फ दो का निस्तारण

एक सप्ताह में शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा (झांसी)। तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी संजय चावला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर केवल दो का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की 6, विद्युत विभाग की 5 तथा अन्य विभागों की 6 शिकायतें शामिल रहीं। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार, सीओ पीयूष कुमार पांडेय, तहसीलदार अमृतलाल, सीएचसी अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार सोनी, आपूर्ति निरीक्षक सुमित कुमार, एडीओ पंचायत बाबू सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्र-छात्रा की मौत पर गरमाया माहौल, पाँच सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति के बाद हुआ अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मिले छात्र और छात्रा के शवों के मामले में नया मोड़ आ गया है। बुधवार देर रात डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के बीच किए गए पोस्टमॉर्टम में दोनों की मौत का मुख्य कारण हैंगिंग (फांसी) आया है। हालांकि, मृतका के साथ अनहोनी की आशंका के मद्देनजर स्लाइड जांच के लिए लैब भेजी गई है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी। प्रारंभिक रिपोर्ट से नाखुश परिजनों ने पहले दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने की जिद पकड़ी और हंगामा किया। मौके पर पहुंचे सपा सांसद आनंद भदौरिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात न बनने पर परिजनों ने पांच सूत्रीय मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। इन मांगों में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने, 40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और छात्रा के पिता की गुमशुदगी का जल्द खुलासा शामिल था। छात्र पक्ष के लोगों ने भी निर्दोष होने के बावजूद उन्हें फसाए जाने का दबाव बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाया। अंततः प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा उचित जांच का भरोसा देने तथा मांगों पर सहमति जताने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए गांव को छावनी में तब्दील कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



मन में भी जलाएं एक दीपक

दीपों से घर-आंगन रोशन करने के पर्व दीपोत्सव पर हम सब अपने आस-पास कहीं भी अंधेरा नहीं रहने देते। लेकिन दीपावली का पर्व केवल बाहर ही नहीं अपने अंतस को भी उजियारे से भरने की प्रेरणा देता है। महात्मा बुद्ध के उपदेशों, पौराणिक संदेशों और धार्मिक कथाओं में भी आत्म चेतना का दीप प्रज्ज्वलित करने की बात कही गई है। तो आइए आज दीपों के महापर्व में हम सब अपने मन में भी एक दीपक प्रज्ज्वलित करने का संकल्प करें।

आवरण कथा / श्वेता ठाकुर

दीपावली आते ही घर-आंगन बुहारे जाने लगते हैं। दीवारों पर नया रंग-रोगन किया जाता है। देहरी पर रंगोली सजती है और सांझ ढलते ही मिट्टी के नन्हे-नन्हे दीये टिमटिमाने लगते हैं। अमावस की रात चारों ओर उजियारा जगमगाने लगता है। लेकिन इन जगमगाहटों के बीच एक सवाल भी चुपचाप खड़ा रहता है, बाहर तो हर ओर इतना उजाला कर लिया, पर क्या अपने भीतर का हर कोना भी रोशन हुआ? मन के अंतः कोनों में छिपी बैठी मलिनता भी दूर हो पाई?


महात्मा बुद्ध का उपदेश: स्वयं के भीतर प्रकाश फैलाने के संदर्भ में महात्मा बुद्ध का संदेश बहुत मूल्यवान है। महापरिनिर्वाण के समय शोकाकुल आनंद को महात्मा बुद्ध ने जो सीख दी, उसे हम 'आत्म दीप भव' के रूप में याद करते हैं। पालि परंपरा में यह 'अत्तदीपा विहरथ' है। यानी, अपने ही दीपक बनो और अपनी ही शरण में रहो। इसका अर्थ यह नहीं कि गुरु, ग्रंथ या समाज निरर्थक हैं। अर्थ यह है कि कोई भी उजाला, उधार का हो तो बुझ जाता है। रास्ता दिखाने वाले मिल सकते हैं, पर चलना अपने ही पैरों से होता है और लौ अपने ही भीतर जलानी पड़ती है।

उपनिषद की प्रार्थना: आत्मालोकित करने का भाव भारतीय चिंतन में बहुत प्राचीन काल से प्रवाहित होता आया है। बृहदारण्यक उपनिषद् की प्रसिद्ध प्रार्थना है-

असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतंगमय॥

अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की यह प्रार्थना, बाहरी अंधेरे के लिए कम और भीतरी अंधकार के लिए अधिक है। वह अंधकार अज्ञान का है, भ्रम का है और उस अहंकार का भी, जो हमें अपने ही सच से दूर रखता है।

गीता का स्वर: गीता आत्मालोकित करने के भाव को और स्पष्ट करती है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि अपने भीतर बैठकर वे 'ज्ञानदीप' से अज्ञान से उपजा अंधकार मिटाते हैं



(नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता, गीता 10-11)। यानी, दीया कहीं बाहर से नहीं आता, भीतर ही जलता है, बस उसे जलाने की इच्छा चाहिए। गीता के ही छठें अध्याय का सूत्र भी उतना ही सटीक है-

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

अर्थात, अपना उद्धार स्वयं करो, स्वयं को गिरने मत दो, क्योंकि मनुष्य अपना सबसे बड़ा मित्र भी है और सबसे बड़ा शत्रु भी। बुद्ध के 'अत्त दीपो भव' से इसका स्वर और निहितार्थ पूरी तरह मिलता है।

पौराणिक परंपरा और दीपदान: पौराणिक परंपरा में कार्तिक मास को दीपदान का महीना माना गया है। नदी-तट पर, तुलसी के नीचे, मंदिर की देहरी पर जलता एक छोटा दीया, पुण्य का प्रतीक माना जाता है। दीप-स्तुति का यह श्लोक प्रसिद्ध है-

शुभं करोति कल्याणमारोग्यं धनसंपदा।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥



इस श्लोक में दीपक से धन-संपदा के साथ 'शत्रुबुद्धि के विनाश' की भी कामना की गई है। वह शत्रुबुद्धि कोई बाहरी दुश्मन नहीं, हमारे भीतर पलती ईर्ष्या, क्रोध और कटुता के भाव ही हैं। पौराणिक लोक-कथाओं के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास और आततायी रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में दीपावली का पर्व मनाते हैं। कुछ पौराणिक मान्यताएं दीपावली को नरकासुर के अंत के उत्सव के रूप में भी मनाने की बात कहता है। हर कथा का संदेश एक ही है कि अंत में अंधकार हारता है, पर तब, जब कोई दीप जलाने का साहस करे।

जीवन से दूर रहे अंधेरा: आधुनिक जीवन में अंधेरे का रूप बदल गया है। आज की रातें रोशनी की झालरों से जगमगाती हैं, पर मन की कोठरी में अकसर सन्नाटा रहता है। हम सैकड़ों लोगों से जुड़े तो दिखते हैं, फिर भी अकसर हम अकेले ही रह जाते हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी दिन-रात जलती है, पर उसमें हमें अपना चेहरा नहीं दिखता। तुलना की होड़, कुछ पा लेने की बेचैनी, असंतोष, थकान और रिश्तों में बढ़ती दूरी भी अंधेरा ही हैं। इस अंधेरे में बिजली के बल्ब काम नहीं आते, यहां वही लौ चाहिए, जिसकी बात महात्मा बुद्ध ने की थी, जिसके बारे में पुराणों में बताया गया है।

ऐसे होगा अंतस में उजाला: आधुनिकता की चकाचौंध में बाहर ही नहीं अपने भीतर भी आंधियारा न बढ़े, इसके लिए हमें ही सजग रहना होगा। दीपावली, आत्मचिंतन को प्रेरित करती है कि केवल बाहरी दुनिया में ही नहीं अपने अंतस में भी उजाला फैले, इसके लिए प्रयास करें। दिन में कुछ पल मौन बैठकर अपनी सांस सुनने से, किसी के प्रति वर्षों पुरानी जमी मन की कड़वाहट धोकर क्षमा मांग लेने या क्षमा कर देने से, फोन को परे रखकर अपने घर के या आस-पड़ोस के बुजुर्गों के पास आत्मीयता से बैठ जाने से, भीतर खुशी का उजाला फैलेगा। ऐसे छोटे-छोटे दिखने वाले प्रयास ही भीतर के दीये में तेल डालते हैं, आत्म की आभा को प्रखर करते हैं।

दीये से प्रज्ज्वलित हो दीया: यह शाश्वत सत्य है कि भीतर का उजाला, निजी होकर भी निजी नहीं रहता। जिसके भीतर आत्मबोध का दीप जल जाता है, उसकी वाणी में मिठास आ ही जाती है, व्यवहार में धैर्य और दृष्टि में करुणा स्वतः उत्पन्न हो जाती है। उसके सान्निध्य में रहने वाले को भी उस ज्योति की आभा, उसकी गर्माहट मिलती है। इस तरह एक दीये से दूसरा दीया जलता जाता है। एक दीये से दूसरा दीया जलाने पर भी पहले की लौ घटती नहीं, उजाला बढ़ता ही है। इसीलिए 'आत्म दीप' का अर्थ स्वयं में सिमट जाना नहीं है।

इस दीपावली करें संकल्प: आज दीपावली की रात में जब देहरी पर दीया रखें, तो एक दीया मन के नाम भी जरूर जलाएं। कुछ क्षण रुककर सोचें कि भीतर कौन-सा कोना बरसों से अंधेरे में पड़ा है, कोई पुरानी शिकायत, कोई अनकही बात, कोई अधूरा सपना। उस कोने तक अपनी लौ ले जाएं। संकल्प लें कि केवल बाहर ही नहीं, अपने भीतर भी प्रेम का दीया जलाएंगे। बाहर की जगमगाहट त्योहार की शोभा है, पर भीतर की रोशनी जीवन की शोभा है। बुद्ध के शब्दों में, अपने दीपक स्वयं बनें और जब आप खुद उजाले से भर जाएंगे, तो आपके आस-पास की दुनिया भी बिना प्रयास रोशन हो उठेगी। *



आज दीपोत्सव के शुभ अवसर पर दीपों को प्रज्ज्वलित करने से पूर्व गणपति और मां लक्ष्मी की आराधना अत्यंत शुभ फलदायी होती है। लेकिन पूजन का विधि-विधान से किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है। इस बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

दीपोत्सव पर पूरे विधान से करें गणपति-लक्ष्मी की आराधना

पूजा-विधि / अनीता जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इस को दामोदर मास भी कहा जाता है। इस महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार मनाए जाते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

पौराणिक मान्यता: स्वयं भगवान ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है। देवताओं में भगवान विष्णु और तीर्थों में त्रिवेणी संगम तीर्थ (इंद्रप्रस्थ क्षेत्र) श्रेष्ठ है।



न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा नदी के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि के दानों को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।

गणेश-लक्ष्मी पूजन की शुभ तिथि: कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत खास माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दीपावली का दिन लक्ष्मी के स्वागत का भी दिन माना जाता है। इस शुभ तिथि पर हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या की तिथि सर्वोपरि मानी गई है।

दीपावली की पूजा विधि: इस दिन प्रदोष वेला से लेकर निशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह निशाच वेला रात्रि 02 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन प्रदोष वेला, स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले और 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर यथाशक्ति पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में श्रद्धा का नैवेद्य अवश्य चढ़ाएं, भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मी जी आप से प्रसन्न होंगी। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों से भी मां की आराधना कर सकते हैं। साथ ही श्रृंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश अथवा जो भी यथा समय उपलब्ध हो उसे साथ लेकर बैठें। अपने ऊपर जल छिड़कते हुए भगवान ॐ पुण्डरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर जल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए ॐ भूम्यै नमः का उच्चारण करें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए ॐ दीपज्योतिः परब्रह्मदीपज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥
का उच्चारण करें। इसके अलावा, जो मंगल मंत्र आता हो उसे पढ़ें और स्वयं संकल्प करें। *ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद, श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः!* इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण कर सकते हैं। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें एवं आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

बेच रहा हूं दीप...



ले लो, ले लो कुछ दीप नए अच्छे-अच्छे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
आज विदेशी दीप सजे हैं देखो तो बाजारों में,
लोग बड़े उनको लेने जाएं बैठ बड़ी कारों में।
मेरा रस्ता ताक रहे हैं बीवी-बच्चे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
निर्धन के घर-आंगन थोड़ा-सा उजियारा कर देंगे,
थोड़ी बोनी करवा के उपकार जरा-सा कर देंगे।
रोज पसीनों से खुद नहाए कपड़े-पहने अम्मा जी,
बेच रहा हूं, मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
लाखों-लाखों दीप जलेंगे अब की बार दिवाली में,
मेरे दीपों को शामिल कर लो अपनी खुशहाली में।
आवाज यही देता हर बस्ती हर रस्ते अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
तुम क्या जानो बरिश, गर्मी में कैसे वक्त बिताया,
इक-इक दीप बनाने में पूरा ही परिवार तपाया।
तुम भी अपनी मन की बोलो सच्चे-सच्चे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।

उदास मन में फैला उजास

लघुकथाएं



मंदिरा जी के बचपन की सहेली रमा, दीपावली मनाने के लिए यू.एस. से भारत आई। मंदिरा उनके बचपन की सहेली थीं। दीपावली के दिन जब वह मंदिरा जी के घर पर पहुंचीं तो वहां पसरी रोशनी को देख चकित हो गईं। लेकिन जब हॉल में मंदिरा जी के स्वर्गवासी पति सुधाकर जी की तस्वीर देखी तो उनकी मनोदशा समझने में थोड़ी-सी भी देर न लगी। पांच बरस पहले हृदयाघात से सुधाकर जी का देहांत हो गया था। पति को खोने के बाद मंदिरा जी के लिए उनका जीवन और सारे वार-त्योहार जैसे फीके और बेरंग हो गए थे। अब किसी काम में उनका मन नहीं लगता था। घर का जो दीया, दीपावली के सारे जगमगाते दीयों का कारण था, उसके बुझने से अब मंदिरा जी के लिए जैसे अंधेरा ही एकमात्र सच रह गया था। मंदिरा जी का हाथ थामते हुए रमा ने मंदिरा जी को समझाया, 'यदि वे इसी तरह जीवन भर उदास रहेंगी तो प्रेम से बना उनका वह आशियाना, यूं ही अंधेरे में डूबा रहेगा और वकौनन यह बात सुधाकर जी को भी अच्छी नहीं लगेगी।' मंदिरा जी कुछ कहतीं, इससे पहले ही रमा ने पूछ लिया, 'अच्छा, चल एक बात बता, यदि सुधाकर जी की जगह तुम्हें कुछ हो जाता और सुधाकर जी तुम्हारी तरह यूं अनमने और कटे-कटे रहते तो क्या तुमको अच्छा लगता?' मंदिरा जी कुछ बोल न पाईं और केवल ना में गर्दन हिलाकर रह गईं। रमा ने बात आगे बढ़ाते हुए कहा, 'दीये केवल तुम्हारे घर-आंगन को ही नहीं, सुधाकर जी की यादों को भी रोशन करते हैं। इसलिए तुमको दीवाली उसी उत्साह से मनानी चाहिए, जैसे उनके होने पर तुम मनाती थी।' रमा की वह बात मंदिरा जी के मन को छू गई। पर संकोच की बेड़ियां अभी भी मंदिरा जी को जकड़े हुई थीं। स्थिति भांपते हुए स्वयं रमा ने दीयों से उसका घर जगमग करने की तैयारी शुरू कर दी। रमा दीयों से सजा थाल लेकर आंगन में आई, तो हिम्मत कर मंदिरा जी भी अपनी नम आंखों को पोंछते हुए उसके साथ जुट गईं। उसने रमा को धन्यवाद दिया और भावुकता के साथ दीयों की ओर देखते हुए कहने लगीं, 'शुक्रिया रमा। सच, आज इन दीयों की लौ मुझे उनके खुशनुमा नयनों की तरह प्रतीत हो रहे हैं, जो न केवल मुझे बल्कि इस पूरे घर को प्रेम से निहार रहे हैं।' मंदिरा जी का घर-आंगन ही नहीं उनका चेहरा भी अब उजास से दमक रहा था। पहली दीपावली की तरह ही आज भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस मुस्कुराहट व उजास के पीछे सुधाकर जी ही कारण थे, जिसे पुनः जगमग करने में रमा ने खास भूमिका निभाई थी। रमा की दीपावली भी इस बार कुछ खास हो गई क्योंकि आज उसने एक अंधेरे में डूबे दिल को पुनः रोशन जो कर दिया था। *

– कुलदीप सिंह भाटी

नन्ही सी खुशी

बड़ी-बड़ी इमारतों के किनारे मलिन बस्ती में ननकू अपनी मां के साथ झोपड़ी में रहता था। आज दीपावली के उल्लास में सभी ऊंची इमारतों पर खूब रोशनी की गई थी, मगर उनकी झोपड़ी में अंधेरा ही पसरा था। बाहर पटाखों के शोर के बावजूद ननकू के रोने के आवाज साफ सुनाई दे रही थी। वह अपनी मां से पटाखे खरीदने की जिद कर रहा था,



ले कि न उसकी मां इसी सोच में दुखी थी कि आज मिले मजदूरी के पैसे से वह ननकू के लिए पटाखे लाए या दीये जलाने के लिए तेल या दीपावली की मिठाई या फिर रोज की तरह चटनी-रोटी का इंतजाम करे! कुछ देर बाद जब उसकी तंद्रा टूटी, उसे ननकू के हंसने की आवाज सुनाई दी। देखा तो ननकू पास ही की एक इमारत के बच्चों द्वारा फेंके गए जले अधजले पटाखों को जलाकर खुश हो रहा था। कुछ देर बाद ननकू की झोपड़ी के सामने भी एक नन्हा-सा दीपक जल रहा था, जिसके प्रकाश में ननकू की मां के चेहरे पर खुशी की एक हल्की-सी चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। शायद ननकू की मां को अपनी समस्या का समाधान मिल जाने की खुशी थी। *

-विनय मोघे

दोहे / प्रो. शरद नारायण खरे

दीपपर्व



रोशनियों के पर्व हैं, प्रब दीपों के नाम।
पर्वों के सरताज में, खुशियों के पैगाम॥
फिर मुस्कानें पल रहीं, प्रमुदित है संघर्ष।
चहक रहे नव श्वास से, दिवस, मास, नित वर्ष॥
उल्लासित होने लगे, सारे ही कंदील।
विश्वासों की महफिलें, लगतीं नीलों नील॥
नभ छाक उत्सव की छटा, धरती पर आनंद।
मायूसी का दौर अब, आता नहीं पसंद॥
दुल्हन-सी लगती अमा, लगा रही है आज।
दीपों के इस पर्व पर, प्रमुदित लगे समाज॥
भवनों पर हैं झालरें, हर मुंडेर पर दीप।
प्रेमिल नव अहसास बल, आया आज समीप॥
शिखर दूर गाता दिखे, लेकर बहुत उजास।
उजियारे को है हुआ, तम का तो आभास॥
सजिगत बाना दीप ले, बाती शुभ के गीत।
बम, पटाखे फूटते, पली दिलों में प्रीत॥
रमा आज आतुर दिखीं, देने को वरदान।
धन-वैभव को मिल रहे, आज पुरानी शान॥
कितने आकर्षक लगें, चलते हुए अनार।
दुआ और शुभकामना, बने आज आधार॥

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

बहुरंगी सॉनेट का सौंदर्य



एक समंदर गहरा भीतर' के बाद हाल में ही डॉ. वेद मित्र शुक्ल के सॉनेट संग्रह की दूसरी पुस्तक 'यादों का जो जंतर-मंतर' प्रकाशित होकर आई है। सॉनेट के अनुशासन को बरतते हुए समाज और दुनिया की तमाम श्याम-श्वेत छवियों के साथ ही जीवन के अंतर्द्वंद्व को भी कवि ने प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है। बाजारवाद की हाहाकारी अराजकता से जीवन कैसे आक्रांत हो रहा है, इसकी बानगी इन पंक्तियों में देखी जा सकती है, *'बाजारू हो रही सदी बिकने को हर पल/ बीत रहा जीवन कुछ यों हर सांस बावरा!'* एक अन्य सॉनेट में वे भूमंडलीकरण के दुष्प्रभाव को दूसरे शब्दों में कुछ ऐसे व्यक्त करते हैं, *'वैश्विकता का क्या मतलब जो खुद को भूलें/ व्यर्थ ही गया धरा भूल जो नमन हम हू लें।'* इसी तरह आधुनिकता की अंधी दौड़ में कैसे खेती-किसानी उजड़ती जा रही है, इस बारे में कवि कहते हैं, *'खेत हुए वीरान स्वप्न सूने सूने से/ वे दिन क्या थे जुटती थीं पांतें किसान की।'* कहना चाहिए ये सॉनेट हमारे समय की बहुरंगी छवियां उकेरती हैं। *

पुस्तक: यादों का जो जंतर-मंतर (हिंदी सॉनेट संग्रह), लेखक: डॉक्टर वेद मित्र शुक्ल, मूल्य: 395 रुपए, प्रकाशक: सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली